CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव




वर्ष- 45 अंक - 293 राजनांदगांव, रविवार 13 सितंबर 2026 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

## भारत-चीन वार्ता: पीएम मोदी की जिनपिंग को दो टूक- सीमा पर शांति जरूरी; मतभेद विवाद में न बदले, इस पर दोनों सहमत

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच शनिवार को द्विपक्षीय बैठक हुई। ब्रिक्स शिखर सम्मलेन से इतर हुई इस बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रिक्स में भारत की अध्यक्षता के दौरान समर्थन और सहयोग के लिए चीन का आभार जताया। पीएम मोदी ने शी जिनपिंग का स्वागत करते हुए कहा, आपका गर्मजोशी से स्वागत करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में आपकी सकारात्मक बातों के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। अब हमारे पास द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा करने का अवसर है।

वहीं, इस बैठक के दौरान शी जिनपिंग ने कहा कि चीन और भारत एक-दूसरे की ताकत से सीख सकते हैं और साझा विकास हासिल कर सकते हैं। उन्होंने दोनों देशों से व्यापक ब्रिक्स सहयोग के उच्च गुणवत्ता वाले विकास के लिए मिलकर काम करने का भी आग्रह किया। चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग ने पीएम मोदी से कहा कि चीन भारत के साथ अपने संबंधों को रणनीतिक और दीर्घकालिक से देखता है।



दोनों नेताओं ने भारत-चीन संबंधों को रणनीतिक और दीर्घकालिक दृष्टिकोण से आगे बढ़ाने पर सहमति जताई। दोनों नेताओं ने सहमति जताई कि मतभेदों को विवाद में नहीं बदलना चाहिए। दोनों नेताओं ने अगस्त 2025 में तियानजिन में हुई पिछली बैठक के बाद भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों में हुई निरंतर प्रगति का स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दोनों देशों के संबंधों को तीन परस्पर सिद्धांतों- आपसी सम्मान, आपसी संवेदनशीलता और आपसी हित से निर्देशित होना चाहिए।

### सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति पर पीएम मोदी की दो टूक

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता द्विपक्षीय संबंधों के लगातार विकास का एक आवश्यक आधार है। उन्होंने सीमा से जुड़े मुद्दों पर मौजूदा समझौतों और सहमतियों का दोनों पक्षों द्वारा पालन करने की जरूरत पर जोर दिया। दोनों नेताओं ने राजनीतिक दृष्टिकोण और दोनों देशों के व्यापक द्विपक्षीय संबंधों तथा दोनों देशों की जनता के दीर्घकालिक हितों को ध्यान में रखते हुए सीमा विवाद के निष्पक्ष, उचित और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान के प्रति प्रतिबद्धता जताई। दोनों नेताओं ने लोगों के बीच संबंधों में हुई प्रगति का संज्ञान लिया और सांस्कृतिक आदान-प्रदान, कारोबारी संपर्क तथा दोनों देशों के बीच लोगों की आवाजाही को और बढ़ावा देने की जरूरत पर जोर दिया। आर्थिक और व्यापारिक संबंधों को लेकर दोनों पक्षों ने एक-दूसरे की (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ब्रिक्स शिखर सम्मेलन: शी जिनपिंग बोले- ईरान युद्ध से क्षेत्र के लोगों को भारी नुकसान हुआ

नई दिल्ली। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने मध्य पूर्व और खाड़ी क्षेत्र में जारी युद्ध को लेकर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि इस युद्ध से पूरे क्षेत्र के लोगों को भारी नुकसान हो रहा है और यह अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साझा हितों की पूर्ति नहीं करता। उन्होंने ब्रिक्स देशों से शांति और स्थिरता बनाए रखने में अग्रणी भूमिका निभाने का आग्रह किया।

राष्ट्रपति जिनपिंग ने कहा कि मध्य पूर्व और खाड़ी क्षेत्र की परिस्थितियां लगातार बदल रही हैं। ऐसे में क्षेत्र में जारी युद्ध का सबसे अधिक नुकसान वहां के लोगों को उठाना पड़ रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह संघर्ष अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साझा हितों के भी खिलाफ है।

उन्होंने वैश्विक शांति और सुरक्षा को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर ब्रिक्स सदस्य देशों के बीच सहयोग मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। जिनपिंग ने कहा कि ब्रिक्स सहयोग तंत्र उभरते बाजारों और विकासशील देशों के बीच सहयोग के लिए दुनिया का सबसे प्रभावशाली मंच बन चुका



है। ऐसे में ब्रिक्स देशों को वैश्विक शांति, स्थिरता और सुरक्षा को बढ़ावा देने में अपनी भूमिका और अधिक प्रभावी ढंग से निभानी चाहिए। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग करीब सात साल बाद भारत दौरे पर आए हैं। गलवान घाटी में वर्ष 2020 में हुई हिंसक झड़प के बाद भारत और चीन के संबंधों में तनाव पैदा हुआ था। सीमा विवाद, सीमा व्यापार और दोनों देशों से जुड़े अन्य संवेदनशील मुद्दों के मद्देनजर जिनपिंग का भारत दौरा काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए नई दिल्ली पहुंचे जिनपिंग सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक भी करेंगे। दोनों नेताओं (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### ब्रिक्स शिखर सम्मेलन: नई दिल्ली घोषणा पत्र पर सहमति, टैरिफ और युद्ध की निंदा की गई

भारत की अध्यक्षता में आयोजित 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में बड़ी कूटनीतिक सफलता हासिल हुई है। सम्मेलन में ब्रिक्स के सभी सदस्य देशों ने संयुक्त घोषणा पत्र यानी नई दिल्ली घोषणा पर सर्वसम्मति से सहमति जताई। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और सदस्य देशों के बीच मतभेदों के बीच इस सहमति को भारत के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। नई दिल्ली घोषणा में किसी देश का नाम लिए बिना सभी प्रकार की आक्रामकता की निंदा की गई है। घोषणा पत्र में स्पष्ट किया गया है कि संघर्षों को समाप्त करने और अंतरराष्ट्रीय विवादों का समाधान निकालने के लिए बातचीत और कूटनीति ही आगे बढ़ने का रास्ता है। समूह ने बातचीत और कूटनीति के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय विवादों को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने के अपने संकल्प को दोहराया। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## उत्तराखंड में 170 फीट लंबा ब्रिज बहा: छत्तीसगढ़ में 2 कॉलेज स्टूडेंट्स नदी में लापता; बिहार में 47 लाख लोग बाढ़ प्रभावित

नई दिल्ली। उत्तराखंड में भारी बारिश के बीच पिथौरागढ़ के कुलागाड़ नाले पर बना 170 फीट लंबा बैली ब्रिज तेज बहाव में बह गया। इससे चीन सीमा से लगी व्यास, दारमा और चौदांस घाटियों का संपर्क टूट गया है। यह ब्रिज 27 अगस्त को ही बनाया गया था। पुराना पुल 18 अगस्त को चट्टान गिरने से टूट गया था।



छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा में हसदेव नदी के तेज बहाव में 3 कॉलेज स्टूडेंट्स बह गए। शनिवार को एक स्टूडेंट का शव मिला। तीनों शुक्रवार को बिलासपुर के चौकसे कॉलेज के 8 छात्र-छात्राओं के साथ पिकनिक मनाने देवरी गांव पहुंचे थे। नदी किनारे सेल्फी के दौरान एक छात्र का पैर फिसला, उसे बचाने के लिए कूदे 2 अन्य छात्र भी बह गए। बिहार में बाढ़ से 15 जिलों में 47 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। गंगा समेत कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। उत्तर प्रदेश के 26 जिले बाढ़ की चपेट में हैं। 4 लाख की आबादी प्रभावित है। 21 हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। कानपुर-उन्नाव में गंगा खतरे के निशान के करीब पहुंच गई हैं। नदी के किनारे पर बने गांवों में 10 फीट तक पानी भर गया है।

मध्य प्रदेश और राजस्थान में मानसून फिर सक्रिय हो गया है। MP के 15 जिलों में आज भारी बारिश का अलर्ट है, जबकि राजस्थान के 29 जिलों में बारिश की संभावना है। इससे पहले शुक्रवार को राजस्थान के अलवर, सवाई माधोपुर, दौसा में तेज बारिश से सड़कों पर पानी भर गया था। एमपी के भोपाल में बारिश से विजिबिलिटी 100 मीटर से भी कम हो गई। दमोह में निचले इलाके डूब गए।

## यूनाइटेड नेशन्स में सुधार की जरूरत, ब्रिक्स बनाए रिफॉर्म का रोडमैप, समिट में बोले पीएम मोदी

नई दिल्ली। ब्रिक्स संगठन के जरिए भारत ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधार की अपनी मांग को जोरदार तरीके से सामने रखा है। शनिवार को 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के पहले सत्र की शुरुआत करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार अब और टाला नहीं जा सकता।



पीएम ने कहा कि, 'बदलते विश्व का संचालन पुरानी संस्थाओं से नहीं किया जा सकता।' मोदी ने ब्रिक्स देशों से अपील कि वे वैश्विक शासन सुधार के दस प्रस्ताव तैयार करें और अगले शिखर सम्मेलन तक इसे ब्रिक्स रिफार्म रोडमैप का रूप दें। पीएम ने समुद्री व्यापार में अहम भूमिका निभाने वाले नाविकों की सुरक्षा पर भी जोर देते हुए 'सीफेयरर्स इमरजेंसी सपोर्ट नेटवर्क' बनाने का प्रस्ताव रखा। पीएम मोदी ने व्यापारिक तनाव और भू-राजनीतिक अस्थिरता के बीच बढ़ती आर्थिक चुनौतियों का जिक्र किया और विकासशील व गरीब देशों यानी ग्लोबल साउथ के हितों को भी जोरदार तरीके से उठाते हुए कहा कि ग्लोबल साउथ को अब सिर्फ नियम मानने वाला नहीं, बल्कि नियम बनाने वाला बनना चाहिए। प्रधानमंत्री ने मौजूदा वैश्विक व्यवस्था में व्याप्त विशेषाधिकार के पिरामिड को खत्म कर उसके स्थान पर साझेदारी का मंच स्थापित करने की बात कही।

### पीएम ने जताया आभार

सभी सदस्य देशों का आभार व्यक्त करते हुए कहा, भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता को सफल बनाने में सक्रिय योगदान और समर्थन के लिए मैं आप सभी का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। पीएम ने ब्रिक्स की 20वीं वर्षगांठ को ऐतिहासिक पड़ाव बताते हुए कहा कि मानव जीवन में बीस वर्ष की आयु परिपक्वता (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में 25 सितंबर से पहले कोर्ट में दाखिल होगा आरोप पत्र, अंतिम रूप देने में जुटी पुलिस

अयोध्या। राम मंदिर चढ़ावा चोरी प्रकरण में अब पुलिस की विवेचना का फोकस आरोपपत्र को अंतिम रूप देने पर है। जांच में सामने आए बयानों, साक्ष्यों और आरोपितों से मिली जानकारियों को एक-दूसरे से जोड़ कर घटनाक्रम की तस्वीर साफ की जा रही है। पुलिस को 25 सितंबर तक न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल करना है। ऐसे में विवेचना की रफ्तार बढ़ा दी गई है।



पुलिस की विवेचना अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गई है। आरोपपत्र को अंतिम रूप देने के लिए पुलिस ने सभी तथ्यों को क्रमबद्ध किया है। पुलिस की कोशिश है कि निर्धारित समय सीमा से पहले न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल कर दिया जाए। 25 जून को राम मंदिर चढ़ावा चोरी के मामले में टिन्नू यादव, अनुकल्प मिश्र, लवकुश मिश्र, मनीष यादव, राजेश पाठक, अविनाश शुक्ल, करुणेश पांडेय और सुभाष श्रीवास्तव के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। सभी आठों आरोपित अभी जेल में हैं। उनसे कई बार पुलिस बातचीत कर चुकी है।

पूछताछ के दौरान कुछ नए नाम भी सामने आए हैं, जिनका सत्यापन किया जा चुका है। 25 सितंबर को दर्ज मुकदमे के 90 दिन पूरे होंगे। इस तीन माह की समयावधि में ही चार्जशीट पुलिस को दाखिल करनी होती है। हालांकि कुछ मुकदमों में पुलिस अतिरिक्त समय पुलिस लेती है। विवेचक सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी ने पिछले सप्ताह मामले के स्टार विटनेस महिपाल सिंह का बयान दर्ज किया। महिपाल का बयान जांच की महत्वपूर्ण कड़ी माना जा रहा है। पुलिस अब यह देख रही (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ड्रोन हमले के बाद सऊदी ने तेल पाइप लाइन बंद की: होर्मुज बंद होने के बाद इसी से रोजाना 50 लाख बैरल तेल भेज रहा था

रियाद। सऊदी अरब ने ड्रोन हमले के बाद अपनी ईस्ट-वेस्ट तेल पाइपलाइन बंद कर दी है। गुरुवार को हुए ड्रोन हमले में पाइपलाइन से जुड़े पंपिंग स्टेशनों में आग लग गई और कुछ लोग घायल हुए। ईरान जंग के चलते होर्मुज बंद होने के बाद सऊदी इसी पाइपलाइन से रोजाना करीब 50 लाख बैरल तेल भेज रहा था। सऊदी ऊर्जा मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि पाइपलाइन पर गुरुवार को कई हमले हुए थे। मंत्रालय की टीमें पाइपलाइन को सुरक्षित करने और नुकसान का पता लगाने में जुटी हैं। फिलहाल यह साफ नहीं है कि ये हमले किसने किए। अब तक किसी भी देश या संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।



### सैटेलाइट तस्वीरों में दिखा पंपिंग स्टेशनों को हुआ नुकसान

अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, हमले में पाइपलाइन के पास बने पंपिंग स्टेशनों को निशाना बनाया गया। पंपिंग स्टेशन पाइपलाइन में तेल को आगे भेजने में मदद करते हैं। शुक्रवार को ली गई सैटेलाइट तस्वीर में एक पंपिंग स्टेशन पर आग से काफी नुकसान दिखाई दिया। एक दूसरी तस्वीर में स्टेशन से काला धुआं निकलता दिखा। अभी यह साफ नहीं है कि पाइपलाइन को सीधे कितना नुकसान हुआ है। यह भी पता नहीं है कि पाइपलाइन फिर से कब शुरू होगी।

### सऊदी का दावा- इराक से आए थे ड्रोन

सऊदी विदेश मंत्रालय ने कहा कि रियाद और मदीना इलाकों में पाइपलाइन पर कई ड्रोन से हमला किया गया। सऊदी के मुताबिक, ये ड्रोन इराक से आए थे। सऊदी ने कहा कि इराक के प्रधानमंत्री के कहने पर उसने अभी जवाबी हमला नहीं करने का फैसला किया है। सऊदी चाहता है कि इराक पहले अपनी जमीन से होने वाले ऐसे हमलों को रोकने के लिए कार्रवाई करे। इराक ने भी हमले की निंदा की है। इराकी सरकार ने कहा कि वह इस मामले की जांच करेगी और अपनी जमीन या हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल दूसरे देशों पर हमला करने के लिए नहीं होने देगी। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## जम्मू-कश्मीर के भद्रवाह में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़; एक आतंकवादी ढेर

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के पहाड़ी इलाकों में आतंकवाद के खिलाफ जारी अभियान के तहत सुरक्षा बलों को एक बड़ी कामयाबी मिली है। डोडा जिले के भद्रवाह इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की पक्की जानकारी मिलने के बाद भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस की संयुक्त टीम ने घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। खुद को घिरता देख आतंकियों ने सुरक्षा बलों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद भीषण मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। सुरक्षा एजेंसियों को भद्रवाह के ऊपरी और जंगली इलाकों में कुछ संदिग्ध आतंकवादियों के छिपे होने की खुफिया जानकारी मिली थी। जानकारी मिलते ही सेना की राष्ट्रीय राइफल्स और पुलिस के विशेष अभियान समूह ने इलाके को चारों तरफ से सील कर दिया। जैसे ही सुरक्षा बल आतंकियों के ठिकाने के पास पहुँचे, झाड़ियों में छिपे आतंकवादियों ने स्वचालित हथियारों से गोलीबारी शुरू कर दी, जिसका सुरक्षा बलों ने मुंहतोड़ जवाब दिया। मुठभेड़ स्थल से मारे गए आतंकवादी का शव बरामद कर लिया गया है, जिसके पास से भारी मात्रा में गोला-बारूद और हथियार भी जब्त किए गए हैं। मारे गए आतंकी की पहचान और उसकी संगठन (शेष पृष्ठ 6 पर...)



## पूर्व सीएम रावत बोले- कांग्रेस के सारे पद छोड़ दूंगा : दो दिन पहले पीए के घर ईडी का छापा

देहरादून। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने पार्टी के दो अहम पदों इस्तीफा दे दिया है। वजह है उनके ओएसडी और करीबी सहयोगी चंदन सिंह जीना के घर पर छापेमारी। इस रेड में 1.28 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की गई है जिसमें भारी मात्रा में कैश, सोने के सिक्के और लग्जरी घड़ियां भी शामिल हैं। शनिवार को हरीश रावत ने सोशल मीडिया पर एक लंबे पोस्ट में कहा है कि उनके एक सहयोगी के घर पर छापेमारी कर एक नैरेटिव बनाने की कोशिश की जा रही है। ऐन चुनावी साल में वे किसी भी तरह पार्टी को कमजोर नहीं करना चाहते, इसलिए वे उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारिणी की सदस्यता और राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस कार्यसमिति के स्थाई आमंत्रित सदस्य के पद से इस्तीफा दे रहे हैं।



1.28 करोड़ की संपत्तियां जब्त

ये मामला प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की गुरुवार को हुई छापेमारी से जुड़ा है। ईडी ने उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की 2016 ग्राम पंचायत विकास अधिकारी (वीपीडीओ) परीक्षा घोटाले में पूर्व सीएम हरीश रावत के ओएसडी चंदन सिंह जीना के घर छापा मारकर 1.28 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की। गुरुवार को ईडी ने राजधानी में जीना समेत आयोग के पूर्व अफसरों के कई ठिकानों पर छापेमारी कर कैश, जेवर और मोबाइल जब्त किए।

### छापेमारी में क्या-क्या मिला?

चंदन सिंह जीना पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के वर्तमान निजी सहायक और 2014 से 2017 तक उनके ओएसडी रहे। ईडी की इस कार्रवाई में चंदन सिंह जीना के घर से 32 लाख रुपए कैश, 200.5 ग्राम वजन के 13 सोने के सिक्के और सात सोने की चेन बरामद कीं। इसके साथ ही रोलेक्स, राडो, पियाजे, मोवाडो, टिसोट और कैसियो एडिफिस जैसी ब्रांड की 12 लग्जरी घड़ियां भी जब्त की हैं। जांच एजेंसी ने जीना और उनके परिजनों के बैंक खातों में जमा 52.16 लाख (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पीएम मोदी के नेतृत्व में हम सब विकसित भारत के संकल्प के साक्षी बन रहे हैं : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

### सार्वजनिक जीवन में 25 वर्ष पूर्ण होने पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलेगा 'सेवा संकल्प अभियान'

### प्रतिदिन 1600 पीएम आवास, 41.50 लाख घरों में नल जल और नक्सलवाद से मुक्ति छत्तीसगढ़ में सुशासन के प्रमाण

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले माहव्यापी 'सेवा संकल्प अभियान' (17 सितंबर से 17 अक्टूबर) की विस्तृत रूपरेखा साझा की। शनिवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री



ने कहा कि प्रधानमंत्री का 25 वर्षों का कार्यकाल सेवा, सुशासन, संकल्प और ठोस परिणामों की ऐतिहासिक यात्रा है। यह एक साधारण परिवार से निकलकर असाधारण पुरुषार्थ द्वारा राष्ट्र निर्माण का अनुपम उदाहरण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अभियान उन करोड़ों परिवारों की ओर से आभार की अभिव्यक्ति है। जिनके जीवन में जनकल्याणकारी नीतियों से बुनियादी बदलाव आया है। उन्होंने बताया कि पिछले एक दशक में देश के 25 करोड़ लोग अत्यधिक गरीबी से बाहर आए हैं और 81 करोड़ लोगों को पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना से राशन मिल रहा है।

### छत्तीसगढ़ में बदलाव के प्रमुख आंकड़े

प्रदेश के 25.51 लाख किसानों के बैंक खातों में 11,277 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अंतरित। उज्ज्वला योजना से 39.54 लाख महिलाओं को धुएं से मुक्ति, जल जीवन मिशन से 41.50 लाख ग्रामीण परिवारों तक नल से जल। प्रदेश में प्रतिदिन औसतन 1600 पीएम आवासों का निर्माण, पीएम जनमन योजना से 56 हजार से अधिक पीवीटीजी परिवारों को बुनियादी सुविधाएं। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत प्रदेश के 6,691 जनजातीय गांवों का समग्र विकास। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मजबूत राजनीतिक नेतृत्व से बाह्य और (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## शहरी गरीबों के हित में साय सरकार का बड़ा फैसला : पीएम आवास योजना (शहरी) में निवास वैधता की कट-ऑफ डेट अब 31 अगस्त 2024

### पात्रता का दायरा बढ़ा, बीते 9 वर्षों से शहरों में निवासरत परिवारों को भी मिलेगा पक्के आशियाने का हक

### नगरीय निकायों को 15 दिनों में नए हितग्राहियों को एएचपी आवासों का लाभ दिलाने के कड़े निर्देश

### प्रदेश में एएचपी घटक के 79 फीसदी मकान पूरे, 21 हजार से ज्यादा परिवार कर चुके हैं गृह प्रवेश

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ के नगरीय क्षेत्रों में कच्चे मकानों या किराए पर रहकर जीवनयापन कर रहे गरीब परिवारों के लिए राज्य सरकार ने बड़ा और संवेदनशील निर्णय लिया है। राज्य शासन ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 1.0 के अंतर्गत हितग्राहियों के निवास की वैधता निर्धारण हेतु कट-ऑफ तिथि को 31



अगस्त 2015 से बढ़ाकर अब 31 अगस्त 2024 कर दिया है। सरकार के इस कदम से पिछले 9 वर्षों से शहरों में रह रहे हजारों जरूरतमंद परिवारों के लिए पक्के मकान का सपना साकार होने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने मंत्रालय से इस आशय का विधिवत आदेश जारी कर दिया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व और उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के मार्गदर्शन में लिए गए इस निर्णय से आवास से सम्मान, सम्मान से सशक्तीकरण के संकल्प को नई मजबूती मिलेगी।

### निकायों को 15 दिन की समय-सीमा, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने बताया कि बढ़ती आबादी, शहरीकरण और निम्न आय वर्ग की आवासीय जरूरतों को देखते हुए यह संशोधन किया गया है। उन्होंने सभी नगर निगम आयुक्तों एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारियों (सीएमओ) को निर्देशित किया है कि संशोधित नियमों के तहत पारदर्शी सर्वेक्षण और सत्यापन कर 15 दिनों के भीतर वंचितों को अफोर्डेबल हाउसिंग इन पार्टनरशिप (एएचपी) आवासों का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) के सीईओ सुमीत अग्रवाल को इसकी सघन मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए हैं। स्लम क्षेत्र के परिवारों के लिए- केंद्र सरकार द्वारा (शेष पृष्ठ 6 पर...)

CMYK

## पहला कॉलम...

### शक्ति केंद्र में भाजपा की बैठक, सेवा संकल्प अभियान की बनी रणनीति



**हर बूथ पर जलेंगे 100 दीप, रक्तदान, स्वच्छता व पौधरोपण अभियानों से जुड़ेंगे कार्यकर्ता**

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा, सुशासन और राष्ट्र समर्पण के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशव्यापी सेवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में लखोली एवं जनता कॉलोनी शक्ति केंद्र क्रमांक पांच में दक्षिण मंडल प्रभारी रोहित चंद्राकर की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण सांगठनिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले माहव्यापी सेवा कार्यों की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई। प्रभारी रोहित चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री के ऐतिहासिक जनसेवा कार्यकाल को समर्पित इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाना पार्टी का मुख्य ध्येय है। इसके तहत प्रत्येक बूथ में 100 दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। साथ ही वार्ड व बूथ स्तर पर वृहद स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर, सघन पौधरोपण, शासन की योजनाओं के हितग्राहियों से सीधा संपर्क और बूथ सशक्तिकरण के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने सेवा संकल्प अभियान को हर बूथ पर प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन संतोष निर्मलकर ने किया।

इस दौरान शक्ति केंद्र प्रभारी गप्पू सोनकर, संयोजक सुरेश साहू, सह संयोजक अरुण दामले, बूथ अध्यक्ष भावेश दुबे, कृष्ण चंद्र हट्टेवार, शत्रुघ्न साहू, राजेश कुशवाहा, विनोद कश्यप, संतोष निर्मलकर, नरेश पाल, संजय सरोदे, संतोष गुप्ता, कंवल भोईर, राजेन्द्र श्रीरंगे, डी.एल. ठाकुर, मोहन सिंह राजपूत, विजय सिन्हा, हर्ष जैन, कृपा यादव, दशरथ बरैया एवं संध्या चक्रवर्ती सहित शक्ति केंद्र के अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन 15 को

राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार की शिक्षुता प्रशिक्षण अधिनियम 1961 अंतर्गत 15 सितंबर को सुबह 9 बजे शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला (पीएमएनएएम) का आयोजन किया जाएगा। अप्रेंटिसशिप मेला में विभिन्न प्रतिष्ठानों को अप्रेंटिसशिप व प्लेसमेंट हेतु आमंत्रित किया गया है। आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त शैक्षणिक एवं आवश्यक प्रमाण पत्र के साथ अप्रेंटिसशिप मेला में सम्मिलित हो सकते है।

### मॉय भारत पोर्टल पर युवाओं से पंजीयन करने की अपील

राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार के युवा कल्याण कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा विकसित मॉय भारत (मेरा युवा भारत) डिजिटल मंच के माध्यम से युवाओं को राष्ट्र निर्माण, स्वयंसेवा, कौशल विकास, नेतृत्व विकास, अनुभवात्मक शिक्षण, इंटर्नशिप एवं विभिन्न शासकीय कार्यक्रमों से जोड़ा गया है। छत्तीसगढ़ शासन के कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग द्वारा रोजगार कार्यालय में पंजीकृत 15 से 29 आयु वर्ग के सभी युवाओं को मॉय भारत पोर्टल पर पंजीयन करने की अपील की गई है।


### सेवानिवृत्त प्रधान पाठक चंद्रेश कुमार श्रीवास्तव का निधन



राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा जगत से जुड़े सेवानिवृत्त प्रधानपाठक (हेड मास्टर) चंद्रेश कुमार श्रीवास्तव (80 वर्ष) का रायपुर में आकस्मिक निधन हो गया है। उनके निधन के समाचार से क्षेत्र के शिक्षाविदों, समाजसेवियों व परिचितों में शोक की लहर व्याप्त है। वे गौरीनगर निवासी अमन श्रीवास्तव के पूज्य पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा आज 13 सितंबर (रविवार) को प्रातः 10 बजे उनके निज निवास स्थान गौरीनगर (राजनांदगांव) से प्रारंभ होकर मुक्तिधाम लखोली जाएगी। जहां उनका अंतिम संस्कार संपन्न होगा।




श्री कृष्णा (एयरकूल) में
रोजाना 04 खेल
समय:- 12:00, 03:00
06:00 व रात 09:00 बजे
हनुमान अंश




टिकट दर बालकनी 100/-
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

# बाजार में सज-धज कर आई आकर्षक गणेश प्रतिमाएं, बिक्री शुरू; बड़ी मूर्तियों को अंतिम रूप देने में जुटे मूर्तिकार

**राजनांदगांव (दावा)।** भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि पर विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश के स्वागत के लिए संस्कारधानी पूरी तरह सज-धज कर तैयार है। सोमवार 14 सितंबर से प्रारंभ हो रहे दस दिवसीय गणेशोत्सव पर्व को लेकर शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक उत्साह चरम पर है। चौक-चौराहों और मूर्तिकारों की कार्यशालाओं में विभिन्न मनमोहक स्वरूपों में गणपति बप्पा की प्रतिमाएं जीवंत रूप ले चुकी हैं।

शहर के मुख्य फ्लाईओवर के नीचे दर्जनों दुकानें सज गई हैं। जहां सुबह से ही खरीदारों की खासी चहल-पहल देखी जा रही है। बाजार में इस बार राजस्थानी पगड़ी वाले गणेश जी, भगवान शिव के स्वरूप वाले गजानन, बाल गणेश, रिद्धि-सिद्धि सहित विविध आकर्षक रूपों में छोटी-बड़ी प्रतिमाएं उपलब्ध हैं। चतुर्थी के दिन होने वाली भारी भीड़ और आपाधापी से बचने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहले से ही अपनी पसंद की प्रतिमाएं खरीदकर घरों में ले जा रहे हैं।

**बड़ी प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में रात-दिन जुटे कारीगर**

शहर के प्रतिष्ठित मूर्तिकार स्व. वासुदेव के परिवार सहित सिनेमा लाइन, पुत्री शाला रोड, लखोली रोड और भरकापारा स्थित पांडुरंग मूर्तिकला केंद्र में कारीगर विशालकाय प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने के



**फ्लाईओवर के नीचे सजीं दुकानें; बाल गणेश, शिव स्वरूप और राजस्थानी पगड़ी वाले गजानन की भारी मांग**

लिए दिन-रात पसीना बहा रहे हैं। सार्वजनिक गणेशोत्सव समितियों द्वारा 4-5 फीट से लेकर 8-10 फीट तक की भव्य प्रतिमाओं के ऑर्डर दिए गए हैं। जिन पर अब बारीक नक्काशी, साज-सज्जा और रंग-रोगन का अंतिम कार्य युद्धस्तर पर जारी है।

**लागत बढ़ी पर नहीं बढ़ाए प्रतिमाओं के दाम**

विगत कई वर्षों से पश्चिम बंगाल से आकर प्रतिमा निर्माण कर रहे मूर्तिकार कृष्णा पाल ने बताया कि इस वर्ष मूर्ति निर्माण की लागत में भारी वृद्धि हुई है। पैरा, सुतली, बांस-लकड़ी, भूसा, रासायनिक व प्राकृतिक रंग तथा चिकनी मिट्टी के दामों में खासी बढ़ोतरी हुई है। इसके बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था और पारंपरिक जुड़ाव को ध्यान में रखते हुए मूर्तिकारों ने कीमतों में विशेष इजाफा नहीं किया है। हालांकि लागत बढ़ने से मूर्तिकारों का मुनाफा सीमित हो गया है, लेकिन पर्व को लेकर उनके उत्साह में कोई कमी नहीं है। घरों में स्थापना के लिए एक से डेढ़ फीट की छोटी प्रतिमाएं 250 से 300 रुपये तक आसानी से उपलब्ध हैं, जबकि मध्यम आकार की मूर्तियां 500 से 1500 रुपये के बजट में मिल रही हैं। वहीं समितियों के लिए विशेष ऑर्डर पर तैयार भव्य प्रतिमाएं शहर के अलावा मनकी, सिंघोला, थनौद एवं खैरागढ़ से मंगाई जा रही हैं। 14 सितंबर को सुबह से ही बाजे-गाजे और जयकारों के साथ बप्पा को पंडालों व घरों में विराजने का सिलसिला शुरू होगा, जिसे देखते हुए रविवार शाम तक बाजारों में प्रतिमाओं की खरीदारी का दौर परवान चढ़ने लगा है।

## डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र की 128वीं जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित, त्रिवेणी परिसर व बसंतपुर स्कूल में हुए आयोजन



**त्रिवेणी परिसर में साहित्य मनीषीत्रय का पुण्य स्मरण, देश-विदेश के वक्ताओं का ऑनलाइन परिसंवाद**

राजनांदगांव (दावा)। मानस मर्मज्ञ एवं प्रख्यात साहित्य मनीषी डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र की 128वीं जयंती के अवसर पर संस्कारधानी में विभिन्न गरिमामयी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कान्यकुब्ज सभा राजनांदगांव एवं नांदगांव साहित्य एवं संस्कृति परिषद के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय त्रिवेणी परिसर तथा डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बसंतपुर में माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि सभा आयोजित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रातःकाल त्रिवेणी परिसर में आयोजक मंडल, साहित्य प्रेमी और शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के हिंदी विभाग के प्राध्यापक व शोधार्थी-विद्यार्थी एकत्र हुए। उपस्थित प्रबुद्धजनों ने डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र के साथ-साथ साहित्य मनीषीत्रय के अन्य दो स्तंभ—पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी एवं गजानन माधव मुक्तिबोध की प्रतिमाओं पर भी माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके साहित्यिक अवदान को याद किया।

**जीवन और कृतित्व पर वक्ताओं ने डाला प्रकाश**

सभा को संबोधित करते हुए नांदगांव साहित्य एवं संस्कृति परिषद के अध्यक्ष अखिलेश तिवारी, सचिव अजय शुक्ला एवं अधिवक्ता संजय श्रीवास्तव ने डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र के जीवन-दर्शन, व्यक्तित्व, रामकथा मर्मज्ञता और उनकी कालजयी रचनाओं पर विस्तृत प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. मिश्र ने अपनी लेखनी और विद्वता से संस्कारधानी का नाम राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है।

**बसंतपुर स्कूल में प्रतिमा पर माल्यार्पण, ऑनलाईन परिसंवाद भी**

त्रिवेणी परिसर के उपरांत कान्यकुब्ज सभा के प्रतिनिधि डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बसंतपुर पहुंचे, जहां स्थापित डॉ. मिश्र की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस दौरान प्राचार्या श्रीमती महालक्ष्मी रावत, व्याख्याता सुलेखा मिश्रा एवं सरिता मेश्राम सहित स्कूली छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में डॉ. मिश्र के साहित्य सृजन पर सारगर्भित विचार रखे गए।

कार्यक्रम में वार्ड पार्षद राजा माखीजा, कान्यकुब्ज सभा के पूर्व अध्यक्ष एवं डॉ. मिश्र के पौत्र सेवानिवृत्त डीएसपी पं. प्रदीप मिश्रा, संरक्षक प्रो. आर.पी. दीक्षित, अध्यक्ष करुणा शंकर तिवारी, सचिव अजय शुक्ला, दिग्विजय कॉलेज हिंदी विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. नीलम तिवारी, अखिलेश तिवारी, सुशील तिवारी, सुनील बाजपेयी, शैलेंद्र शुक्ला, भूपेंद्र बाजपेयी, संजीव (संजू) मिश्रा, मनीष मिश्रा, जगदीश प्रसाद मिश्रा, अधिवक्ता संजय श्रीवास्तव, श्री तंबोली सहित महाविद्यालयीन छात्र-छात्राएं एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## राजस्व वसूली : 10 दिनों में 5 लाख से अधिक की वसूली करने वाले प्रभारी सम्मानित




**प्रदेश के 14 नगर निगमों में राजनांदगांव 7वें स्थान पर, शीर्ष पर आने का निर्देश**

राजनांदगांव (दावा)। नगर पालिक निगम सभागार में राजस्व विभाग की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में महापौर मधुसूदन यादव एवं निगम आयुक्त जी.आर. मरकाम ने वार्डवार वसूली की गहन समीक्षा की और बेहतर प्रदर्शन करने वाले राजस्व प्रभारियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। साथ ही सभी प्रभारियों को प्रतिमाह कम से कम 5 लाख रुपये राजस्व वसूली का स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित किया गया। समीक्षा के दौरान महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि विगत दो महीनों में आयुक्त और राजस्व अधिकारियों के साझा प्रयासों से वसूली में सकारात्मक सुधार दिखा है। हालांकि, कुछ कर्मचारियों की वसूली अब भी अपेक्षा से काफी कम है। उन्होंने हिदायत दी कि जो कर्मचारी अपने वेतन के बराबर भी राजस्व जमा नहीं करवा पा रहे हैं। वे अपनी कार्यशैली में सुधार लाएं और बेहतर प्रदर्शन करने वाले साथियों से प्रेरणा लें। महापौर ने निर्देश दिया कि राजस्व अमला प्रतिदिन करदाताओं के घर-घर पहुंचे और बड़े बकायादारों को किश्तों में कर जमा करने की समझाइश दे। आगामी एक माह में सभी के प्रदर्शन का मूल्यांकन कर पुनः समीक्षा की जाएगी।

**नांदगांव 7वें स्थान पर, लक्ष्य नंबर-1 बनने का : आयुक्त**

निगम आयुक्त जी.आर. मरकाम ने बताया कि राज्य शासन की हालिया समीक्षा में प्रदेश के 14 नगर निगमों के बीच राजनांदगांव वसूली के मामले में 7वें स्थान पर रहा है। डिमांड नोटिस के आधार पर किए गए प्रयासों से रैंकिंग सुधरी है, लेकिन लक्ष्य पहले स्थान पर आने का होना चाहिए। उन्होंने कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे करदाताओं को समय पर भुगतान न करने पर लगने वाले अधिभार और दंड की जानकारी दें तथा वसूली अभियान में स्थानीय पार्षदों का भी सहयोग लें। वहीं राजस्व अधिकारी मोबिन अली ने कर्मचारियों को अवकाश के दिनों में भी 2 से 4 घंटे क्षेत्र में सक्रिय रहने तथा डिजिटल और चेक भुगतान को प्रोत्साहित करने को कहा।

**उत्कृष्ट वसूली पर ये प्रभारी हुए पुरस्कृत**

सितंबर माह के शुरुआती 10 दिनों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रभारियों को महापौर और आयुक्त द्वारा मंच पर पुरस्कृत किया गया। इनमें 8 लाख रुपये से अधिक की वसूली करने वाले मिथिलेश ठाकुर, 7 लाख रुपये से अधिक वसूलने वाले समयलाल मंडावी तथा 4 लाख रुपये से अधिक की वसूली करने वाले उमेश देवांगन शामिल रहे। बैठक में सहायक राजस्व अधिकारी हितेश ठाकुर सहित समस्त राजस्व उप निरीक्षक एवं सहायक राजस्व निरीक्षक उपस्थित थे।

## सोशल मीडिया पर जातिगत व अभद्र टिप्पणी का मामला : बौद्ध कल्याण समिति ने थाने में की शिकायत



**महार समाज पर आपत्तिजनक पोस्ट से उपजा आक्रोश, निष्पक्ष जांच व वैधानिक कार्रवाई की मांग**

राजनांदगांव (दावा)। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर महार समाज के विरुद्ध कथित रूप से जातिगत अपशब्द एवं अभद्र टिप्पणियां किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। इस संबंध में बौद्ध कल्याण समिति राजनांदगांव ने स्थानीय थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और आरोपी के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की मांग की है। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि किसी भी व्यक्ति अथवा पूरे समुदाय को जाति के आधार पर अपमानित करना, नीचा दिखाना और अभद्र भाषा का प्रयोग करना अत्यंत निंदनीय है। यह कृत्य सामाजिक सौहार्द, समानता और मानवीय गरिमा के पूरी तरह विरुद्ध है।

**कानून के तहत निष्पक्ष कार्रवाई जरूरी : राजू बारमाटे**

बौद्ध कल्याण समिति के अध्यक्ष राजू बारमाटे ने कहा कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के मान-सम्मान, अधिकारों और सुरक्षा के लिए देश के कानून में कड़े प्रावधान हैं। सोशल मीडिया पर इस प्रकार की आपत्तिजनक टिप्पणियों से पूरे समाज की भावनाएं आहत हुई हैं और समुदाय में गहरा आक्रोश व्याप्त है। ऐसे मामलों में पुलिस प्रशासन को बिना किसी देरी के तथ्यात्मक जांच कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कदम उठाना चाहिए।

**चिखली क्षेत्र की युवती पर आरोप**

शिकायत के अनुसार चिखली क्षेत्र की रहने वाली एक युवती द्वारा सोशल मीडिया पर महार समाज को लेकर जातिगत रूप से आपत्तिजनक और अमर्यादित टिप्पणियां की गई हैं। समिति ने पुलिस से आग्रह किया है कि सोशल मीडिया पोस्ट्स, कमेंट्स और उपलब्ध डिजिटल साक्ष्यों की तकनीकी जांच की जाए। जांच में पुष्टि होने पर संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज कर दंडात्मक कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाली ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। थाने में ज्ञापन सौंपते समय बौद्ध कल्याण समिति के अध्यक्ष राजू बारमाटे, डी.पी. लोन्हारे, किशोर वैध, संतोष बौद्ध, पीयूष ऊके, दीपेश शेंडे, अमरसिंह वासनिक एवं भलाधरे सहित समाज के अन्य प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे।

## आज सिंधु भवन में संत निरंकारी इंग्लिश मीडियम जोनल समागम

राजनांदगांव (दावा)। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के पावन आशीर्वाद से संत निरंकारी मिशन द्वारा आज, 13 सितंबर (रविवार) को सिंधु भवन, हेमू कलानी नगर (लालबाग, जी.ई. रोड) में विशेष 'इंग्लिश मीडियम जोनल समागम' का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह समागम प्रातः 10:30 से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। समागम के मुख्य वक्ता के रूप में जबलपुर से पधार रहीं प्रचारक बहन जागृति वाधवा द्वारा अंग्रेजी माध्यम में समागम का संचालन किया जाएगा तथा श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक एवं जीवनोपयोगी विचारों से लाभान्वित किया जाएगा। संत निरंकारी मंडल राजनांदगांव के संयोजक रूपलाल राजवानी ने नगरवासियों एवं साध-संगत से अपील की है कि वे बच्चों एवं सपरिवार उपस्थित होकर इस अनूठे समागम का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। मीडिया प्रभारी मदनलाल नवलानी ने बताया कि यह आयोजन रायपुर एवं दुर्ग जोन का संयुक्त जोनल समागम है। इसमें राजनांदगांव सहित दुर्ग, भिलाई, रायपुर, बिलासपुर, भाटापारा, कांकेर, जगदलपुर, खैरागढ़ एवं डोंगरगढ़ क्षेत्र से हजारों की संख्या में साध-संगत के शामिल होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि सतगुरु बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की पावन सीख के अनुसार गुरमुख सदैव सेवा, सिमरन और सत्संग को जीवन का आधार बनाते हैं। धन-दौलत के बजाय निरंकार प्रभु की भक्ति ही भक्त की वास्तविक पहचान होती है। इसी भाव के साथ समागम की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

## हत्या के प्रयास के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



राजनांदगांव (दावा)। कोतवाली थाना अंतर्गत लखोली क्षेत्र में जानलेवा हमला कर हत्या का प्रयास करने वाले दो शातिर आरोपियों को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त दोधारदार चाकू और भारी-भरकम पत्थर बरामद किया गया है। न्यायालय में पेशी के बाद दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है, जबकि मामले में संलिप्त दो अन्य फरार आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। चिखली चौकी प्रभारी उपेंद्र कुमार शाह ने बताया कि प्रार्थी द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार, 10 सितंबर को वह अपने साले के साथ पेंड्री अस्पताल गया था, जहां उसके साले की पत्नी का प्रसव हुआ था। अस्पताल से लौटते समय दोनों अपनी-अपनी मोटरसाइकिल से साले की ससुराल लखोली जा रहे थे। शाम करीब 4:30 बजे लखोली बैगापारा मेन रोड पर आरोपियों—पीयूष बाघमारे, दीपक वैष्णव, अजय वर्मा और करण साहू ने उसके साले का रास्ता रोक लिया।

रास्ता रोकने का कारण पूछने पर चारों आरोपियों ने मां-बहन की अश्लील गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद हत्या की नीयत से अपने पास रखे धारदार चाकू और पत्थर से उस पर ताबड़तोड़ प्राणघातक हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को लहूलुहान हालत में तत्काल तुलसी मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका उपचार जारी है।

प्रार्थी की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 533/26, बीएनएस की धारा 109(1), 296, 351(3), 118(1) एवं 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने तत्काल दबिश देकर आरोपी पीयूष बाघमारे पिता सुनील बाघमारे (निवासी राहुल नगर, लखोली) एवं दीपक वैष्णव पिता बलदाऊ वैष्णव (निवासी राजीव नगर, लखोली) को घेराबंदी कर धर दबोचा। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों ने अपने अन्य दो साथियों—अजय वर्मा और करण साहू के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू व पत्थर जब्त कर उन्हें जेल भेज दिया है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मैं भावार्थ सतीश ठक्कर (BHAVARTH SATISH THAKKAR) S/O ठक्कर सतीश कनुभाई (THAKKAR SATISH KANUBHAI), निवास स्थान BLOCK B-101 PRINCESS PRIDE, HARI OM NAGAR, RAJNANDGAON (C.G.) – 491441 यह शपथ करता हूँ कि, मैंने अपना पुराना नाम त्याग कर नया नाम - भावार्थ ठक्कर (BHAVARTH THAKKAR) S/O सतीश ठक्कर (SATISH THAKKAR) रख लिया है।

अतः आज से मुझे मेरे समस्त शासकीय एवं अर्द्धशासकीय व अन्य सभी दस्तावेजों में मेरे नये नाम - भावार्थ ठक्कर (BHAVARTH THAKKAR) S/O सतीश ठक्कर (SATISH THAKKAR) के नाम से ही जाना पहचाना जावे।

भावार्थ ठक्कर
(BHAVARTH THAKKAR)
BLOCK B-101, PRINCESS PRIDE, HARI OM NAGAR, RAJNANDGAON (C.G.)
PIN CODE- 491441

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं जिला विवाह अधिकारी, राजनांदगांव (छ.ग.)**

धारा 6 (2) देखिये

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक मनीष कुमार भिमरे पिता श्री देवदास भिमरे, आयु-25 वर्ष, निवासी- म.नं.-31, ग्राम बरगाही, वार्ड नंबर 08, थाना ओ.पी. सुकुलदैहान, थाना लालबाग, तहसील व जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) एवं आवेदिका मेघा मोटघरे आ. विद्याभूषण मोटघरे, आयु-23 वर्ष निवासी-म.नं.-73, वार्ड नं. 10, ग्राम बरगाही, थाना ओ.पी. सुकुलदैहान, थाना लालबाग, तहसील व जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) (पक्षकारों के नाम) से विशेष विवाह अधिनियम 1954 (क्रमांक-4 सन 1954) के अध्याय दो के अधीन अपने विवाह के आवेदन पत्र पेश किया गया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में पेशी तारीख 25/09/2026 के पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते है।

जारी दिनांक :- 19/08/2026
पेशी तारीख :- 25/09/2026

अपर कलेक्टर एवं जिला विवाह अधिकारी राजनांदगांव (छ.ग.)

# गणेशोत्सव को लेकर पुलिस ने कसी कमर : एसपी अंकिता शर्मा ने पंडालों, बाजारों व विसर्जन मार्ग का लिया जायजा



राजनांदगांव (दावा)। आगामी गणेश उत्सव एवं प्रतिमा विसर्जन पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित व गरिमामयी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने जिले के पुलिस अधिकारियों, डीएसपी और थाना प्रभारियों के साथ शहर के प्रमुख गणेश पंडालों, व्यावसायिक बाजारों और विसर्जन मार्गों का सघन स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने 14 सितंबर से प्रारंभ हो रहे 10 दिवसीय गणेशोत्सव और विसर्जन झांकियों के दौरान कानून-व्यवस्था तथा यातायात प्रबंधन को लेकर अधिकारियों को कड़े दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने आगामी दस दिनों तक पंडालों और मुख्य बाजारों में उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए यातायात पुलिस एवं संबंधित थाना प्रभारियों को विशेष ट्रैफिक प्लान लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रमुख व्यापारिक क्षेत्रों में जाम की स्थिति निर्मित न हो और आम नागरिकों तथा व्यापारियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए प्रमुख प्वाइंट्स पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाए।

### विसर्जन मार्ग पर पैदल मार्च, संवेदनशील चौराहों का लिया जायजा

एसपी अंकिता शर्मा ने पुलिस बल के साथ गणेश प्रतिमा विसर्जन के संपूर्ण पारंपरिक मार्ग का पैदल भ्रमण कर व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने विसर्जन मार्ग के प्रमुख चौक-चौराहों, संकरे रास्तों और संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, मजबूत बैरिकेडिंग और फिक्स पिकेट्स लगाने के निर्देश दिए। समितियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि उत्सव के दौरान पंडालों के आसपास नियमित पुलिस पेट्रोलिंग जारी रहे और किसी भी समस्या की सूचना पर त्वरित रिस्पांस दिया जाए। निरीक्षण के अगले चरण में पुलिस अधीक्षक ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बाइक पेट्रोलिंग करते हुए मोहारा स्थित विसर्जन कुंड एवं पहुंच मार्गों का जायजा लिया। उन्होंने कुंड परिसर में सुरक्षा घेरा, गोताखोरों की उपलब्धता, प्रकाश व्यवस्था तथा तटवर्ती क्षेत्रों में बैरिकेडिंग संबंधी सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी, डीएसपी वाजपेयी, डीएसपी विधिराज, रक्षित निरीक्षक लोकेश कसेर, निरीक्षक उपेंद्र शाह, यातायात प्रभारी नवरतन कश्यप, निरीक्षक सुनील सिंह, निरीक्षक सुरेश जांगड़े, निरीक्षक भूषण चंद्राकर सहित भारी संख्या में पुलिस अधिकारी व जवान मौजूद रहे।

# ओवरब्रिज में देर शाम कार का हुआ एक्सीडेंट, देर तक यातायात रहा जाम



जाम में फंसकर छटपटाते रहे दोनों ओर के वाहन चालक

राजनांदगांव (दावा)। शनिवार की देर शाम रेल्वे ओवर ब्रिज में एक कार के एक्सीडेंट हो जाने से दोनों ओर जाम का माहौल निर्मित हो गया। बताया जाता है कि उक्त कार एक्सीडेंट का शिकार होकर ब्रिज में आड़े खड़ी हो गई जिससे दोनों ओर का रास्ता अवरूद्ध हो गया और लोग घंटे भर तक जाम मे फंसकर छटपटाते रह गए। गनीमत है कि जानकारी मिलते ही यातायात प्रभारी नवरतन कश्यप के नेतृत्व में ट्रेफिक पुलिस मौके पर पहुंच कर पानी गिरते में उक्त दुर्घटनाग्रस्त कार को हटवाया। बताया जाता है कि ओवर ब्रिज में बने रोड डिवाइडर को टक्कर मार कर हादसे का शिकार बनी कार खैरागढ़ की ओर से आ रही थी। धमतरी की उक्त कार को उसका चालक लापरवाही पूर्ण चला रहा है। कार की गति तेज थी और जैसे ही वह फ्लाई ओवर में चढ़ी रोड डिवाइडर में टकराकर एक्सीडेंट का शिकार हो गई इससे कार का सामने का हिस्सा बूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। हादसे के बाद वाहन के बंद हो जाने व फ्लाई ओवर बीच में आड़े ढंग से खड़ी हो जाने से वाहनों का आवागमन अवरुद्ध हो गया। बताया जाता है कि यातायात विभाग वालों को जानकारी मिलते ही बरसते पानी में वाहनों के हेड लाइट के उजाले में उक्त क्षतिग्रस्त कार हटाने का जुगत भिड़ाई और क्रेन से उठाकर ले जाया गया तब कहीं जाकर यातायात सामान्य हुआ।

बता दें कि ओवर ब्रिज में अत्यधिक यातायात दबाव पड़ने की वजह से आए दिन दुर्घटनाएं होते रहती है। इससे कई लोगों जाने भी जा चुकी है। इसे देखते हुए पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा उक्त ओवर ब्रिज में रोड डिवाइडर बना दिया गया है। इससे बाद भी दुर्घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही। तेज रफ्तार वाहन चालक जल्दी निकलने की चाह में रोड डिवाइडर को ही टक्कर मार कर उसे क्षतिग्रस्त कर दे रहे हैं। इससे उक्त डिवाइडर कई स्थानों से टूट -फूट का शिकार हो कर आने-जाने वालों के परेशानी का कारण बना हुआ है। दिक्कत की बात यह कि तेज रफ्तार वाहनों की टक्कर से क्षतिग्रस्त होकर डिवाइडर का मलबा सड़क में ही बिखरा हुआ है जिससे एक्सीडेंट होने का खतरा बना हुआ। उक्त क्षतिग्रस्त डिवाइडर को बनवाने की दिशा में पीडब्ल्यूडी का ध्यान नहीं जा रहा। जबकि विभिन्न माध्यमों से कई बार उनका ध्यान आकृष्ट किया जा चुका है। इधर रेल्वे वाले अंडर ब्रिज निर्माण की दिशा में ध्यान नहीं दे रहे वहीं दूसरी ओर पीडब्ल्यूडी विभाग वाले ओवर ब्रिज में डिवाइडर बना कर उसे क्षतिग्रस्त हालत में छोड़ दिये है जो आए दिन दुर्घटना का कारण बन रहा है।

# महावीर सनसिटी में गणेश चतुर्थी की भव्य तैयारी, 11 दिनों तक मनेगा बप्पा का जन्मोत्सव



राजनांदगांव (दावा)। महावीर सनसिटी परिवार द्वारा गणेश चतुर्थी का महापर्व बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाने की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। 11 दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव का आयोजन समिति अध्यक्ष आनंद चोपड़ा, कार्यकारी अध्यक्ष सुशील माहेश्वरी, सचिव दिलीप गोलछा और कोषाध्यक्ष राजेश डागा के नेतृत्व में किया जा रहा है। महोत्सव के सफल संचालन के लिए अतुल चोपड़ा एवं अशोक अग्रवाल को संयोजक बनाया गया है। पीआरओ मनीष सहिता, कुणाल शर्मा एवं योगेश कोटक ने बताया कि 14 सितंबर को दोपहर 3 बजे सनसिटी जंक्शन से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा बी, सी, डी ब्लॉक और ए, बी बिल्डिंग का भ्रमण करते हुए योगा शेड स्थित मुख्य गणेश पंडाल पहुंचेगी। इसके बाद मुख्य यजमान अनूप-श्वेता अग्रवाल परिवार द्वारा विधि-विधान से मूर्ति स्थापना पूजन व महाआरती संपन्न कराई जाएगी। बप्पा की प्रतिमा का विशेष श्रृंगार नीलू अशोक अग्रवाल द्वारा किया जा रहा है।

### प्रतिदिन आयोजित होंगे विविध रंगारंग कार्यक्रम

स्थापना दिवस की रात 8 बजे ओपनिंग सेरेमनी व सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति कान्हा शर्मा, हर्ष भोजानी, ट्विंकल चोपड़ा, प्रथम भोजानी, सम्राट माहेश्वरी, लक्ष मीठिया व युवा विंग द्वारा दी जाएगी। इसके बाद 11 दिनों तक विभिन्न मनोरंजक व धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला चलेगी। 15 सितंबर को हवा-हवाई चैलेंज, पेटल पोस्टर चैलेंज, बॉलीवुड नाइट और सुपरहिट 'धन वर्षा हाऊजी'। 17 को बहुप्रतीक्षित 'केबीसी' (कौन बनेगा करोड़पति) गेम शो का आयोजन। 18 को बप्पा को 56 भोग अर्पण एवं भव्य 'महा रास गरबा'। 19 को रॉक एंड रोल विथ एडवेंचर। 20 को म्यूजिकल अंताक्षरी प्रतियोगिता। 21 को सवाल का जवाब और इंटरेस्टिंग क्विज। 22 को राहुल शर्मा व अभिषेक तंवर ग्रुप द्वारा विशेष 'भजन जैमिंग'। 23 को सनसिटी चैंपियन लीग (दिमाग, रणनीति और किस्मत का खेल)। 24 को स्थानीय प्रतिभाओं को मंच देने 'सनसिटी गॉट टैलेंट' एवं 25 सितंबर को हवन, महाप्रसादी व विसर्जन होगा। महोत्सव के अंतिम दिन 25 सितंबर को सुबह 9 बजे से विशेष हवन-पूजन एवं आरती होगी। दोपहर 12 बजे से महाप्रसादी (भंडारा) का आयोजन किया जाएगा। तत्पश्चात दोपहर 2 बजे भव्य विसर्जन जुलूस निकलेगा। जो पूरे सनसिटी परिसर का भ्रमण करते हुए मोहरा तट पहुंचेगा। जहां नम आंखों से विघ्नहर्ता को विदाई दी जाएगी। महोत्सव के दौरान प्रतिदिन के लिए विशेष ड्रेस कोड निर्धारित किया गया है। जिसकी जिम्मेदारी कृष्णा माहेश्वरी संभाल रही हैं। वहीं नित्य पूजा-आरती की कमान राजेश डागा, गोविंद मलानी, राजेश गुप्ता, ओमप्रकाश पोरवाल, सारंग पहाड़े व किशोर खंडेलवाल के हाथों में है। आगंतुक परिवारों के लिए प्रतिदिन हाई-टी की व्यवस्था भी समिति द्वारा की गई है।

# इंटर स्कूल वाद-विवाद प्रतियोगिता : डॉ. जे.बी. सिंह स्कूल के यश कुमार साहू ने मारी बाजी, बने विजेता




जिले के कई नामी स्कूलों के प्रतिभागियों को पछाड़कर हासिल किया पहला स्थान

राजनांदगांव (दावा)। शहर के विभिन्न विद्यालयों के मध्य आयोजित अंतर-विद्यालयीन वाद-विवाद प्रतियोगिता में डॉ. जे.बी. सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के मेधावी छात्र यश कुमार साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया है। यश ने अपनी उत्कृष्ट तर्कशक्ति, गहन विषय समझ और प्रभावशाली अभिव्यक्ति के दम पर यह शानदार उपलब्धि हासिल की। प्रतियोगिता में शहर के प्रतिष्ठित विद्यालयों—नीरज पब्लिक स्कूल, नीरज विद्या मंदिर, नवजीवन स्कूल, गायत्री विद्यापीठ, रॉयल किड्स कॉन्वेंट, दिल्ली पब्लिक स्कूल, गुजराती हिंदी माध्यम स्कूल एवं युगांतर पब्लिक स्कूल सहित कई संस्थानों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कड़े मुकाबले के बीच यश कुमार साहू ने अपने ओजपूर्ण वक्तव्य, सशक्त विचारों और ठोस तार्किक प्रस्तुति से निर्णायकों का दिल जीत लिया और प्रतियोगिता में पहला स्थान अर्जित किया।

### शिक्षिका जया देवांगन के मार्गदर्शन में की तैयारी

यश की इस सफलता में उनके निरंतर अभ्यास और उचित मार्गदर्शन का अहम योगदान रहा। विद्यालय की टीजीटी हिंदी शिक्षिका व प्रतियोगिता प्रभारी जया देवांगन ने विषय-वस्तु के चयन, तर्कों के संयोजन और भाषण शैली को लेकर यश को विशेष प्रशिक्षण दिया था। शिक्षिका के कुशल निर्देशन और छात्र के कड़े परिश्रम के समन्वय से यह परिणाम सामने आया।

छात्र की इस उपलब्धि पर प्राचार्या श्रीमती एकता खंडेलवाल ने यश को बधाई देते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में तार्किक सोच, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करती हैं। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय की अध्यक्षा डॉ. सविता जे.बी. सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रशासक संजय बहादुर सिंह, एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल, डायरेक्टर राहुल देव चौधरी, बरसर आई.के. वैष्णव, सावंत बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, जन्मजेय बहादुर सिंह, श्रीमती मनीषा सिंह, श्रीमती इला सिंह, श्रीमती पूजा सिंह एवं श्रीमती जान्हवी सिंह सहित पूरे विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए यश के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# पुराना ढाबा में सार्वजनिक मंच और नया ढाबा में शहरी स्वास्थ्य सुविधा केंद्र का महापौर ने किया लोकार्पण



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम द्वारा वार्ड क्रमांक 4 में विकास कार्यों को गति देते हुए 8 लाख रुपये की लागत से निर्मित सार्वजनिक मंच और शहरी स्वास्थ्य सुविधा केंद्र का विधिवत लोकार्पण किया गया। महापौर मधुसूदन यादव ने पुराना ढाबा एवं नया ढाबा में अलग-अलग आयोजित कार्यक्रमों में फीता काटकर व पट्टिका का अनावरण कर दोनों सौगातों को जनता को समर्पित किया। वार्ड नंबर 4 के पुराना ढाबा में विधायक निधि से 2.50 लाख रुपये की लागत से सार्वजनिक मंच तैयार किया गया है, जिसका उपयोग धार्मिक व सामाजिक आयोजनों के लिए होगा। वहीं नया ढाबा में विधायक एवं पार्षद निधि के संयुक्त सहयोग से 5.50 लाख रुपये की लागत से शहरी स्वास्थ्य सुविधा केंद्र का निर्माण कराया गया है।

### जनहितैषी कार्यों को प्राथमिकता दे रहे विधायक व सांसद

लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए महापौर मधुसूदन यादव ने वार्डवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि वार्ड के नागरिकों की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों के लिए स्वास्थ्य केंद्र और गणेशोत्सव व दुर्गा पूजा जैसे आयोजनों के लिए सार्वजनिक मंच का निर्माण कराया गया है। वार्डवासियों की मांग पर विधानसभा अध्यक्ष व स्थानीय विधायक डॉ. रमन सिंह ने अपनी निधि से सहृदयतापूर्वक राशि स्वीकृत की। जिसके बाद नगर निगम ने यह कार्य पूरा कराया। महापौर ने रेखांकित किया कि विधायक डॉ. रमन सिंह और सांसद संतोष पांडेय शहर के प्रत्येक वार्ड में बिजली, पानी और सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं के साथ अधोसंरचना विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। नागरिकों द्वारा अतिरिक्त कक्ष निर्माण की मांग रखे जाने पर महापौर ने इसे प्राथमिकता से पूरा कराने का आश्वासन दिया।

लोकार्पण से पहले नया व पुराना ढाबा के नागरिकों ने महापौर का पुष्पगुच्छ भेंट कर और स्मृति चिन्ह प्रदान कर आत्मीय स्वागत किया। इसके बाद विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर दोनों निर्माण कार्यों का लोकार्पण संपन्न हुआ। इस अवसर पर नामांकित पार्षद नागेश यदु, पूर्व पार्षद हीरालाल निर्मलकर, पार्षद प्रतिनिधि सचिन टुरहाटे, जागृति दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष गौतम निर्मलकर, न्यू जागृति गणेश उत्सव समिति के अध्यक्ष प्रकाश निर्मलकर, उप अभियंता पिंकी खाती, पवन निर्मलकर, गेमूलाल कुंजाम, मितानिन बहनें तथा संतोष निर्मलकर, जसवंत निर्मलकर, अख्तर अली, किशन लाल, माधव रजक, देवानंद, मनमोहन, होमेंन्द्र साहू, दिलीप साहू, गोवर्धन रजक, भोजलाल, बिट्टू साहू, नरोत्तम, नवीन निर्मलकर, मनीष, विकास मेश्राम, संतोष सिन्हा, पिन्टू रजक व कबीर साहू सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक सिकोला दुर्ग (छ.ग.)**

**आम सूचना**

**विषयः– सीमांकन करने बाबत्।**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नायाब तहसीलदार के आ. क्र. क्यू, दिनांक 21/08/2026, के पालन में ग्राम उरला प.ह.न. 16, में आवेदक दक्षिण मध्य रेल्वे द्वारा स्थित शासकीय भूमि खसरा नं. 410, 411, 414 व निजी भूमि खसरा नं. 417 रकबा क्रमशः 0.466 हे. 0.243 हे. 1.246 हे. व 8.48 हे. का सीमांकन किया जाना है। उक्त भूमि में उरला रेल्वे फाटक गेट में दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के द्वारा ब्रिज निर्माण कार्य किया जाना है। अतः रेल्वे लाईन से लगी हुई निजी भूमि खसरा नं. 417 रकबा 8.48 हे. के समस्त भूमि स्वामी को किसी प्रकार से आपत्ति हो तो दिनांक 16/09/2026 को समय 2:30 बजे अपने वैध दस्तावेज (ऋण पुस्तिका, रजि. बैनामा ईत्यादि) के साथ मौके पर उपस्थित होवे। तत् पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी।

जारी दिनांक 09/09/2026

PAM/49/127

राजस्व निरीक्षक, सिकोला

South East Central Railway @secrail

# पुलिस चौकी के पास तीन दुकानों के शटर टूटे, उरई डाबरी और लाल बहादुर नगर में भी चोरी से व्यापारियों में भारी आक्रोश




तुमड़ीबोड़ (दावा)। क्षेत्र में सक्रिय बेखौफ बदमाशों ने पुलिसिया सुरक्षा और रात्रि गश्त के दावों की पोल खोल दी है। बीती दरम्यानी रात लगभग 2 बजे अज्ञात चोरों ने स्थानीय पुलिस चौकी से कुछ ही दूरी पर स्थित तीन प्रमुख प्रतिष्ठानों—गुरुकृपा मेडिकल, देवांगन वॉच सेंटर और शिवम बोरवेल्स के शटर तोड़कर चोरी की सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया। चोरों के हौसले इतने बुलंद थे कि वारदात केवल तुमड़ीबोड़ तक ही सीमित नहीं रही। इसी गिरोह ने उसी रात पास के ग्रामीण क्षेत्र उरई डाबरी और लाल बहादुर नगर में भी कई दुकानों के शटर चटकाकर नकदी व सामान पर हाथ साफ किया। एक ही रात में लगातार तीन इलाकों में हुई इस सिलसिलेवार चोरी से क्षेत्र के व्यापारियों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश व दहशत का माहौल है।

### सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही साइबर सेल, साक्ष्य किए एकत्र

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस बल एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम ने मौका-ए-वारदात पर पहुंचकर मुआयना किया। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से उंगलियों के निशान (फिंगरप्रिंट) और अन्य तकनीकी साक्ष्य संकलित किए हैं। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि संदिग्धों के आवागमन का सुराग मिल सके। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि गिरोह को जल्द चिह्नित कर मामले का पर्दाफाश किया जाएगा।

### व्यापारियों ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

पुलिस चौकी के नाक के नीचे हुई इस घटना से नाराज तुमडीबोड के व्यापारियों ने तत्काल आपात बैठक बुलाई। बैठक के बाद आक्रोशित व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल पुलिस चौकी पहुंचा और ज्ञापन सौंपकर कड़ी नाराजगी जताई। व्यापारियों ने दो टूक चेतावनी दी कि क्षेत्र में रात्रि गश्त तुरंत बढ़ाई जाए और आरोपियों को अविलंब गिरफ्तार कर माल बरामद किया जाए। समय रहते ठोस कार्रवाई नहीं होने पर व्यापारियों ने बाजार बंद कर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

# ट्रेन से कटकर युवक की मौत, रेलवे ट्रैक पर क्षत-विक्षत शव मिलने से सनसनी





ओवरब्रिज के नीचे हुआ हादसा, मृतक की पहचान इंदिरा नगर निवासी राजू निर्मलकर के रूप में हुई

डोंगरगढ़ (दावा)। स्थानीय ओवरब्रिज के नीचे रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई।

रेलवे ट्रैक पर क्षत-विक्षत अवस्था में शव मिलने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और देखते ही देखते मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और डोंगरगढ़ पुलिस की संयुक्त टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू की।

पुलिस द्वारा की गई प्रारंभिक शिनाख्त में मृतक की पहचान डोंगरगढ़ के इंदिरा नगर निवासी राजू निर्मलकर के रूप में हुई है। पुलिस एवं आरपीएफ के अधिकारियों ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया तथा शव को ट्रैक से हटवाकर पंचनामा व पोस्टमार्टम की प्रक्रिया हेतु भिजवाया।

### हादसा या खुदकुशी, जांच में जुटी पुलिस

फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि युवक ट्रेन की चपेट में दुर्घटनावश आया अथवा उसने यह आत्मघाती कदम उठाया।

घटना के वास्तविक कारणों को लेकर रेलवे पुलिस मर्ग कायम कर सभी पहलुओं से जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि परिजनों के बयान और विस्तृत जांच पूरी होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# राजनांदगांव से बाघनदी तक हाईवे पर गौवंश की लगातार मौत, अशोका हाईवेज टोल प्लाजा को जिम्मेदार ठहराने की मांग

**0 एक माह में 100 से अधिक गौ माताओं की सड़क हादसों में मौत का दावा**

**0 हिंदू जागरण मंच ने एफआईआर की मांग की पुलिस महानिरीक्षक को ज्ञापन सौंपा**

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव से ठाकुरटोला टोल प्लाजा होते हुए बाघ नदी तक नेशनल हाईवे पर लगातार हो रही गौवंश की मौतों को लेकर हिंदू जागरण मंच राजनांदगांव ने गंभीर चिंता व्यक्त की है। संगठन का दावा है कि पिछले लगभग एक माह में इस मार्ग पर 100 से अधिक गौ माताओं की ट्रकों एवं अन्य भारी वाहनों की चपेट में आने से मृत्यु हो चुकी है। हिंदू जागरण मंच ने इस गंभीर स्थिति के लिए अशोका हाईवेज टोल प्लाजा प्रबंधन की भूमिका की जांच कर उसे जिम्मेदार ठहराए जाने की मांग की है। संगठन का आरोप है कि नेशनल हाईवे पर गौवंश की लगातार मौजूदगी के बावजूद टोल प्लाजा प्रबंधन द्वारा उनकी सुरक्षा, रेस्क्यू एवं सड़क से सुरक्षित हटाने के लिए अपेक्षित सहयोग नहीं किया जा रहा है। मंच के पदाधिकारियों का कहना है कि राजनांदगांव से ठाकुरटोला टोल प्लाजा और आगे बाघ नदी तक का मार्ग भारी वाहनों की आवाजाही वाला महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग है। ऐसे में सड़क पर बेसहारा गौवंश का मौजूद रहना गंभीर दुर्घटनाओं का कारण बन रहा है। एक माह में 50 से अधिक गौवंश की मौत का दावा इस पूरे मामले की गंभीरता को दर्शाता है।

### टोल प्रबंधन की जिम्मेदारी तय करने की मांग



हिंदू जागरण मंच ने कहा कि टोल प्लाजा संचालक एवं संबंधित हाईवे प्रबंधन की जिम्मेदारी और उनके द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जांच की जानी चाहिए। संगठन का आरोप है कि दुर्घटनाओं में घायल अथवा मृत गौवंश को तत्काल सड़क से हटाने तथा घायल पशुओं को उपचार उपलब्ध कराने के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं की जा रही है। मंच ने मांग की है कि प्रशासन द्वारा पूरे मार्ग का निरीक्षण कराया जाए और पिछले एक माह में हुई गौवंश की मौतों का वास्तविक आंकड़ा जुटाया जाए। साथ ही घटनास्थल, सीसीटीवी फुटेज एवं टोल प्लाजा के रिकॉर्ड की जांच कर यह निर्धारित किया जाए कि गौवंश की सुरक्षा के लिए संबंधित प्रबंधन द्वारा क्या कदम उठाए गए थे।

### एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की मांग

हिंदू जागरण मंच ने जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर लापरवाही पाए जाने पर अशोका हाईवेज टोल प्लाजा के जिम्मेदार अधिकारियों/प्रबंधन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। संगठन ने कहा कि किसी भी संस्था अथवा प्रबंधन को जांच से पहले दोषी घोषित करने के बजाय तथ्यों एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। यदि जांच में टोल प्रबंधन अथवा संबंधित जिम्मेदारों की लापरवाही सामने आती है तो उनके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

### गौवंश की सुरक्षा के लिए स्थायी व्यवस्था की मांग

मंच ने राजनांदगांव से बाघ नदी तक हाईवे के संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर वहां तत्काल आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था करने की मांग की है। इसके साथ ही घायल गौवंश के लिए रेस्क्यू वाहन, उपचार की व्यवस्था तथा मृत गौवंश को सड़क से तत्काल हटाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की गई है। हिंदू जागरण मंच ने कहा कि हाईवे पर गौवंश की लगातार हो रही मौतें केवल पशु सुरक्षा का विषय नहीं हैं। बल्कि इससे वाहन चालकों एवं आम नागरिकों की जान को भी खतरा बना हुआ है। तेज रफ्तार ट्रकों की चपेट में आने से गौवंश की मौत के साथ-साथ कभी भी बड़ी सड़क दुर्घटना हो सकती है। संगठन ने जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग से संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि राजनांदगांव से ठाकुरटोला टोल प्लाजा होते हुए बाघ नदी तक पूरे मार्ग की तत्काल जांच कराई जाए। एक माह में हुई 100 से अधिक गौवंश की मौत के दावे की सत्यता की जांच की जाए और दोषी पाए जाने वालों की जवाबदेही तय की जाए। हिंदू जागरण मंच ने स्पष्ट किया कि गौवंश की सुरक्षा के लिए ठोस एवं स्थायी व्यवस्था नहीं होने की स्थिति में संगठन प्रशासन के समक्ष इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाता रहेगा।

## अनमोल 'दावा'

**मुश्किलें केवल रास्तों को कठिन बनाती हैं, मजबूत इरादों को और निखारने का काम करती हैं।**

## सम्पादकीय

# भारत का कूटनीतिक शक्ति प्रदर्शन अमेरिका की बौखलाहट

वैश्विक अशांति और असुरक्षा के भय के बीच ब्रिक्स का शिखर सम्मेलन भारत की चमक-धमक को दर्शा रहा है। राष्ट्रपति ब्लादिर पुतिन का तीन दिनों के लिए भारत आगमन, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग का सात वर्षों के बाद भारत आगमन तथा अन्य ब्रिक्स में शामिल गणमान्य देशों के प्रमुखों का इकट्ठा होना, यह भारत को विश्व में गौरवान्वित कर रहा है। विश्व की लगभग आधी जनसंख्या वाले और विश्व की जीडीपी में जिनका 40 फीसदी हिस्सा है, उन 11 देशों के नेताओं का भारत पहुंचना यह भारत की शक्ति का परिचय करता है। 9 और 10 सितम्बर 2023 के दिन हमारे देश में जी-20 देशों का शिखर सम्मेलन आयोजित था। ब्रिक्स की मीटिंग व उसके बाद से भारत में मिलने वाली सबसे बड़ी इन्टरनेशनल इवेन्ट है। पूरी दुनिया ने इस पर अपनी नजर रखी थी।

उल्लेखनीय कि, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को 'ब्रिक्स' बाबत सर्वाधिक तनाव है। विश्व में अमेरिका के सामने नया मोर्चा यूं तो पहले से ही सक्रिय था। अब सभी साथ मिलकर अमेरिका की चुनौतियों व ट्रम्प के तल्खी निर्णयों का प्रतिरोध करने का तख्ता तैयार करने के प्रयास इस शिखर सम्मेलन में हुआ है। निर्विवाद संयुक्त घोषणा पत्र उल्लेखनीय है। भारत और अमेरिका के संबंध अच्छे थे। मोदी और ट्रम्प की दोस्ती भी चर्चित थी। किन्तु, ट्रम्प ने टैरिफ और अन्य अहंकारी बातों को करके उन्होंने खुद अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारी है। जैसे, रूस के पास से भारत तेल न खरीदे, इसके लिए ट्रम्प ने धमकियों का अजब गजब व्यवहार किया था। भारत ने ट्रम्प की बात को विशेष महत्व नहीं दिया था। किन्तु, शांति बनाए रखने रूस से तेल खरीदना कम किया था। यूक्रेन पर हमला करके जो भारी भूल रूस ने की थी, वैसी ही बड़ी भूल अमेरिका ने ईरान पर हमला करके की है। अमेरिका इसका भारी खामियाजा भुगत रहा है। और यही स्थिति रूस की भी है।

पुतिन और जिनपिंग के साथ मोदी की मुलाकात और द्विपक्षीय मंत्रणाओं से ट्रम्प का पेट स्वाभाविक रूप से दुखा है। गत वर्ष ही 31 अगस्त 25 और एक सितम्बर 25 को चीन के तियानाजिन में शंघाई कार्पोरेशन आर्गेनाइजेशन की बैठक में मोदी, जिनपिंग और पुतिन ने मीटिंग करके मंत्रणा की थी। ट्रम्प ने इन तीनों की तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट करके लिखा था कि, हम भारत को चीन के पास गुमा बैठे हैं। अमेरिका ने भारत के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेन्ट करने का मुद्दा उठाया किन्तु, वह काम नहीं हुआ। अमेरिका अभी भी भारत से संबंध सुधारने की बात करता है किन्तु जो काम उसे करना चाहिए, वह नहीं कर रहा है। भारत अब अमेरिका को ज्यादा भाव नहीं दे रहा है। ट्रम्प के सामने मिड टर्म इलेक्शन सबसे बड़ी चुनौती है। उसने भी चुनाव जीतने बड़ी-बड़ी रेवड़ियों की लालच वहां के मतदाताओं को दिया है। वैसे, इस चुनाव में ट्रम्प पराजित होगें, इसकी संभावना अधिक है। ट्रम्प के कारण अमेरिका के अनेक देशों के साथ संबंध बिगड़ चुके हैं। इसके बावजुद, डोनाल्ड ट्रम्प अभी भी बिच्छु के समान डंक मारने में मशगुल हैं।

हमारे यहां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में जो निर्णय लिए वे संयुक्त रूप से लिए गए हैं, इससे डोनाल्ड ट्रम्प को जवाब और उसे संदेश मिले हैं। अमेरिका की वजह से भारत और चीन पास-पास आ गए है। अमेरिका विरोधी सभी देश ''ब्रिक्स'' में मजबूत हुए हैं। नरेन्द्र मोदी का संबोधन विश्व शांति और सौहाद्रता लिए था। जिसके दूरगामी सुखद परिणाम अवश्य मिलेंगे। ऐसी उम्मीद तो की जा सकती है।

# सुख-समृद्धि व शांति के लिए ऐसे करें दिन की शुरुआत

निंद्रा देवी की गोद में अगले दिन कार्य करने की ऊर्जा देती है। प्रातः ब्रह्म मुहूर्त में अर्थात् 4 बजे निंद्रा का त्याग कर देना चाहिए। विशेष परिस्थितियों को छोड़कर जैसे रात्रि पाली में काम करने वालों के लिए यह व्यावहारिक नहीं है लेकिन निंद्रा त्यागते ही सबसे पहले अपनी हथेलियों का दर्शन करें।

### सुबह उठते ही मंत्र पढ़िये और पॉजिटिव बने रहिये

कहते हैं कि सुबह उठते ही हम सबसे पहले जिसको देखते हैं उसी से यानी उसकी ऊर्जा से हमारा पूरा दिन कैसे बीतेगा, यह उसी समय तय हो जाता है। आज के समय में जो सबसे बड़ी गलती हम रोज अनजाने में ही कर रहे हैं वह यह है कि हम ज्यादातर लोग उठते ही मोबाइल फोन को देखने लगते हैं। हमारे हिन्दू धर्म में सुबह की शुरुआत शान्त तरीके से करने की बात कही गई है। बहुत कम लोग जानते हैं कि सुबह उठते ही बिस्तर पर बैठे-बैठे ही एक खास मंत्र को पढ़ने की सलाह दी गई है। ऐसा माना जाता है कि इस मंत्र को इस तरह पढ़ने से पूरे दिन सकारात्मकता बनी रहती है और मन शान्त रहता है। यह मंत्र है-

कराग्रे वसते लक्ष्मीः करमध्ये सरस्वती।
करमूले तु गोविन्दं, प्रभाते करदर्शनम्।।

कराग्रे वसते लक्ष्मीः-हाथ के अग्र भाग माने आगे के भाग में धन की देवी लक्ष्मी का वास है, लक्ष्मी यानी समृद्धि, सम्पन्नता।

करमध्ये सरस्वती-हाथ के मध्य यानी बीच में विद्या की देवी माँ सरस्वती का वास है।

करमूले तु गोविन्दं-हाथ के मूल यानी जड़ में संसार के रक्षक पालनहार भगवान गोविन्द अर्थात विष्णु का वास है।

प्रभाते करदर्शनम्-प्रभात यानी सुबह-सुबह मैं अपनी हथेलियों के दर्शन करके लक्ष्मी, सरस्वती और विष्णु की तीनों शक्तियों का स्मरण करता हूँ।




कहते हैं सुबह उठते ही अपनी हथेलियों को देखकर इन मंत्र को पढ़ने से मन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इस मंत्र को पढ़कर दिन की शुरुआत सकारात्मकता और ईश्वर के स्मरण के साथ करने का सबसे अच्छा तरीका माना जाता है। हथेली को देखते हुये इस मंत्र को पढ़ने के बाद हथेलियों को रगड़कर उसकी गर्माहट को अपनी आँखों पर महसूस करना चाहिये। सुबह उठते ही मत कीजिए मोबाइल फोन देखने की गलती

क्या आप जानते हैं कि आपका दिन अच्छा बीते इसके लिए आपको सुबह सुबह किस को देखना चाहिए और सबसे पहले क्या बोलना चाहिए।

आइए बताते हैं सुबह सवेरे उठकर बोलने वाला मन्त्र ।

कराग्रे वसते लक्ष्मीः करमध्ये सरस्वती।
करमूले तु गोविन्दं, प्रभाते करदर्शनम्।।

अब समझिए इस मंत्र का अर्थ

हाथ के अग्र भाग यानि आगे के भाग में धन की देवी लक्ष्मी का वास है, लक्ष्मी यानी समृद्धि, सम्पन्नता।

हाथ के मध्य यानी बीच में विद्या की देवी माँ सरस्वती का वास है।

हाथ के मूल यानी जड़ में संसार के रक्षक पालनहार भगवान गोविन्द अर्थात विष्णु का वास है।

प्रभात यानी सुबह-सुबह मैं अपनी हथेलियों के दर्शन करके लक्ष्मी, सरस्वती और विष्णु की तीनों शक्तियों का स्मरण करता हूँ।

बात यहाँ तक नहीं है। सुबह उठते ही आज कल हम सभी मोबाइल फोन देखने लगते हैं। यह हमारी सबसे बड़ी गलती है जिसकी वजह से पूरा दिन उतना अच्छा नहीं बीतता, जितना होना चाहिए।

तो समझिए कि आपको सुबह-सुबह मोबाइल नहीं देखना बल्कि अपनी हथेलियों को देखना है और ईश्वर को याद करते हुए ऊपर बताए मंत्र को बोलना है। उसके बाद आप को अपनी हथेलियों को रगड़ कर हथेलियों की गर्माहट को अपनी आँखों में महसूस करना है। ऐसा करने से आपका पूरा दिन सकारात्मक ऊर्जा यानी पॉजिटिव एनर्जी से भरा रहेगा और आप जो भी करेंगे उसमें सफल होंगे। (हिफी)

## तीन मिनट की कहानी

# अब काहे की तीजा?



निरंजन भैया तीजा की राह देखते रहते। दरअसल तीजा नहीं, तीजा के दूसरे दिन से उसे मतलब था। उसदिन सबेरे से देवकी देवी तीखुरे बनाने में जुट जाती। निरंजन कहता-''देवकी देवी जैसा तीखुरा उसकी जानकारी में, कोई नहीं बना सकती। उसकी मम्मी और मामी भी नहीं, देवकी देवी उसके रिश्ते में नहीं थी। कभी पड़ोस में रहती थी तो वह उसकी देवकी देवी न होकर देवकी दीदी हो गई थी। बस तीखुर खाते-खाते मगन होकर पूछता-''दीदी! तुम ऐसा बढ़िया तीखुर कैसे बना लेती हो, जबकि मां जी भी नहीं बना पाती है। देवकी देवी के मुख पर प्रसन्नता की चमक आ जाती उसे और तीखुर देती हुई हँस कर बताती-''दादी से। दादी महराजपुर मण्डला की थी। उन्हे पतित पावने नर्मदा भैया ने सिखाया था।'' निरंजन हाथ उठा कर जोर से कह उठता-नर्मदा भैया की जै।''

देवकी की शादी रायपुर में हुई थी और वह तीजा में मायके जरूरी आती। निरंजन को खबर लग जाती कि देवकी दीदी आ गई है। वह तीखुर प्रेमी तीजा के दूसरे दिन घर जा पहुंचता। पर इस बार तीजा में देवकी दीदी मायके नहीं आई। उसे आश्चर्य हुआ। पता लगा, ससुराल में पारिवारिक झंझट के कारण वह नहीं, आ सकी। पर जब दूसरे साल भी देवकी नहीं आई तो निरंजन को चिन्ता हुई। पड़ोसी परसराम 'खबरिया' है। वह बहुतों की खबर रखता है। उसी ने बताया-''अब देवकी नहीं आएगी। घर में माँ-बाबूजी की चलती नहीं। अब वहाँ बहू-बेटे का राज है। तेज स्वभाव की बहू बाहर से आई है। वह तीजा-फीजा नहीं मनाती। दबके के साथ शान से रहती है।''

एक बार निरंजन भैया को अपने आफिस के काम से रायपुर जाना हुआ। दोपहर दो बजे तक काम निपट गया। सोचा-''चलो, देवकी दीदी से मिलने। पुरानी बस्ती की गली में है ससुराल। वह तेजी मे जा रहा था कि किसी की आवाज आई-''ओ भैया। जरा रूकना। वह समझ पाता कि पुकारने वाला कौन है कि वह अजनबी पास आ गया। बोला-''आप निरंजन बाबू हैं न! मैं आपको जानता हूँ। आप देवकी बहू से मिलने आऐ हैं।'' उसने अचरजभरी निगाहों से उन्हे देखा-''पर आपको मैने पहचाना नहीं।' अपरिचित हॅस कर बोला-उसे पहचानेंगे, पर मैने आपको देवकी के मायके में तीजा के दिन चटखारे ले लेकर तीखुर खाते देखा है। आपके जाने के बाद देवकी देवी ने ही बताया कि आप उसके मुँह बोले भैया हैं।, निरंजन भैया और तीखुर प्रेमी है। भैया! आपकी देवकी बहू अब यहां नहीं मिलेगी!'' वह भौचक्क हो पूछ उठा-''क्यो? अपरिचित ने मुस्करा कर कहा-''आपके इस छोटे से 'क्यो'? का उत्तर बड़ा है। आइए, वो बड़के चबूतरे पर बैठे। आराम से बैठकर उन्होने कहा-''देवकी बहू जैसी सहनसील विनीत विनम्र महिला मैने नहीं देखी। वे देवकी नहीं देवकी देवी हैं। पर क्या कोई कह सकता है भाग्य के खेल के आगे? यहीं सब असमथे हो जाते हैं। देवकी देवी को दवे नहीं पति रूप में शराबी मिला। पहले वह गुप्त रूप से पीता था अब तो खुलेआम पीता है। विदुषी देवकी देवी उसे तरह-तरह से समझाती पर वह नासमझ शराबी जो किसी की बात नही सुनता वह पत्नी की बात कैसे सुने? बार-बार उसे हाथ जोड़कर शराब छोड़ने के लिए प्रार्थना करने पर एक दिन वह शराबी इस कदर उत्तेजित हुआ कि उसने तड़ातड़ तीन-चार तमाचे जड़ दिए और उसका जोर से हाथ पकड़ कर खींचते हुए बाहर निकाल दिया। भड़ से दरवाजा बन्द कर क्रोध से गरजा-हरामजादी अब यहां कभी आए तो देखना गला घोटकर मार डालूंगा। भाग यहां से दुःखी होकर निरंजन पूछ उठा-''और फिर?'' उसने कहा-''और फिर क्या? वह विनम्रता की सहनशीलता की देवी एक साड़ी में ससुराल से निकल पड़ी। जाय तो जाय कहां? मायके का भी सहारा नहीं! तेज-तर्रार भाभी का राज। वह इसी बड़ के नीचे चिन्ता से घिरी हुई बैठ गई। वही उसे आत्मबोध हुआ-''बड़ी दीदी के घ चलो। जीजाजी है नहीं। एक्सीडेंट से मारे गए। दीदी, दो बच्चों के साथ फेमिली पेन्शन के सहारे रहती है। देवकी ने फिर सोचा वह एम-ए पास है। किसी प्रायवेट स्कूल में मेडम हो सकती है। दीदी और वह दोनों एक दूसरें के सहारे जीवन बिता लेंगी!'' निरंजन ने आतुरता से पूछा-''अब देवकी दीदी कहाँ है? उसने बताया यही राजकुमार कालेज के पास डगनिया में।'' निरंजन ने संकुचित स्वर में कहा-''क्या आप मुझे वहां ले चलेंगे? अजनबी ने उत्साह से उठते हुए कहां-''क्यों नहीं? चलिए ऑटो से चलें।''

देवकी देवी परछी पर सब्जी सवार रही थी। निरंजन भैया को देखते ही लहक कर उठीं। उसे गले लगा लिया। निरंजन ने कहा-''इन्ही की कृपा से दीदी! मैं यहां आ पाया। देवकी ने कुर्सियां रखते हुए कहां-''अरे! ये तो मेरे परोपकारी भैया हैं। जब-तब हमारी मदद करने आते रहते है। आप लोग बैठिए! मैं चाय लेकर आती हूँ।'' चाय पीते हुए परोपकारी सज्जन ने मुग्ध भाव से कहा-''चाय खूब अच्छी बनी है। देवकी देवी! तुम बढ़िया चाय बनाती हो!'' तभी निरंजन ने कहा-''हमारी दीदी! तीखुर भी इतना बढ़िया बनाती है कि अब क्या बताएँ। जब तीजा में नांदगांव मायके आती थी तो मैं तीखुर खाने दौड़ पड़ता था। क्यों दीदी! ठीक कह रहा हूँ न?'' देवकी दीदी ने दीर्घ उच्छवास भर कर कहा-''अब कहाँ का तीखुर और काहे की तीजा?''


**बालाजी मंदिर के पास,**
**स्टेशन पारा, राजनांदगांव**

## शब्द सामर्थ्य - 158

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**
1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 157 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | द्दो | जे | ह | द | | स | पू | त |
| ल | | ब | ल | वा | न | | | द |
| म | ह | क | | खा | म | खां | | बी |
| ग्न | | त | ल | ना | | स | फ | र |
| | म | रा | | | | ना | टा | |
| | हि | | स | | | | फ | न |
| | ला | ज | वा | ब | | म | ट | र |
| मां | | ग | | सं | त | ति | | भ |
| | मा | त | ह | त | | | प | क्षी |

## सू-दोकू क्र.158



**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.157 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |

# वंदे मातरम को स्वीकार करने से भाग रही कांग्रेस

**एस. सुनील**

वंदे मातरम सिर्फ एक गीत नहीं है, बल्कि यह 140 करोड़ भारतीयों की राष्ट्रवाद की भावनाओं को प्रतीकित करने का माध्यम है। यह भारत की नियति का एक सबसे सुंदर हिस्सा है। दुर्भाग्य से कांग्रेस पार्टी इस नियति को स्वीकार करने से भाग रही है। जिस पार्टी ने आजादी की लड़ाई का नेतृत्व किया, आजादी के 80वें वर्ष तक आते आते उसका इतना पतन हो गया कि उसने अपना ही इतिहास भुला दिया! आश्चर्य की बात यह है कि कांग्रेस इतिहास को 1937 से शुरू करना चाहती है। लेकिन वंदे मातरम का इतिहास तो 1875 से शुरू होता है, जब महान बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने इसकी रचना की थी। इस गीत ने कई तरह के बदलाव देखे हैं। आजादी से पहले और आजादी के बाद की स्थितियां देखी हैं। अगर कांग्रेस इसे आजादी से पहले वाली स्थिति में ही रख कर देखना चाहती है तो यह उसकी समझ है। परंतु मौजूदा समय मुस्लिम लीग और मोहम्मद अली जिन्ना जैसे किसी नेता के दबाव में निर्णय का नहीं है। क्या कांग्रेस भूल गई कि 1896 के बाद से यह पूरा गीत कांग्रेस के अपने इतिहास का हिस्सा रहा है? स्वंय गुरुदेव रविंद्र नाथ टैगोर ने 1896 में कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में वंदे मातरम के सभी छह अंतरे गाए थे। 1896 से लेकर 1937 तक कांग्रेस के कम से कम सात राष्ट्रीय अध्यक्ष मुस्लिम थे और उन सबकी अध्यक्षता में हुए कांग्रेस अधिवेशन में वंदे मातरम के सभी छह अंतरे गाए गए। किसी मुस्लिम अध्यक्ष ने इस आधार पर आपत्ति नहीं की थी कि इसमें हिंदू देवी, देवताओं का जिक्र है और इससे उनकी धार्मिक भावना आहत होती है। शुरुआत 1896 से ही होती है, जब मोहम्मद रहमतुल्ला एम सयानी कांग्रेस के अध्यक्ष बने थे और तब के कलकत्ता अधिवेशन में पूरा वंदे मातरम गाया गया था। ऐसे ही 1913 में कराची अधिवेशन में नवाब सैयद मोहम्मद बहादुर कांग्रेस अध्यक्ष थे और पूरा वंदे मातरम गाया गया था। 1918 में उस समय के बॉम्बे में हुए विशेष कांग्रेस अधिवेशन में सैयद हसन इमाम कांग्रेस अध्यक्ष थे और वंदे मातरम के सभी छह अंतरे गाए गए। 1921 में हकीम अजमल खां और 1923 में मोहम्मद अली जौहर कांग्रेस अध्यक्ष थे और तब भी पूरे वंदे मातरम का गायन हुआ था। उसके बाद मौलान अबुल कलाम आजाद और मुख्तार अहमद अंसारी के समय भी वंदे मातरम को लेकर विवाद नहीं हुआ।

यह ऐतिहासिक तथ्य है कि मोहम्मद अली जिन्ना से पहले किसी मुस्लिम नेता ने धार्मिक भावना आहत होने के सवाल पर इस गीत का विरोध नहीं किया था। मुस्लिम नेताओं ने इस गीत का विरोध इसलिए नहीं किया था क्योंकि यह राष्ट्रवाद की भावना का गीत था, आजादी की लड़ाई का गीत था और साथ ही हिंदू व मुस्लिम के एक साथ मिल कर अंग्रेजों से लड़ने का गीत था। इस गीत और वंदे मातरम के नारे के साथ तो 1905 के बंग विभाजन का विरोध किया गया था और अंग्रेजों को बंगाल के बंटवारे का फैसला टालने के लिए विवश किया गया था। फिर यह कैसे सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने या किसी की भावना आहत करने वाला गीत हो सकता है?

सबसे पहले इस गीत से मोहम्मद अली जिन्ना की भावना आहत हुई थी। वैसे उनकी भावना आहत होना भी एक राजनीतिक मसला था, जो उनकी महत्वाकांक्षा से जुड़ा था। उन्होंने मुस्लिम आवाम को कांग्रेस से दूर करने के लिए यह मुद्दा उठाया और उस समय कांग्रेस नेतृत्व ने आजादी की लड़ाई के व्यापक संदर्भ को देखते हुए यह समझौता किया कि वंदे मातरम के सिर्फ दो ही अंतरे गाए जाएंगे। तभी 1937 के कलकत्ता अधिवेशन में पहली बार सिर्फ दो अंतरे गाए गए। हालांकि उसके बाद भी कांग्रेस मुस्लिम लीग को संतुष्ट नहीं कर पाई। इसका कारण यह था कि कट्टरपंथी मुस्लिम नेताओं को इस गीत के दो या चार अंतरे से समस्या नहीं थी। उनको वंदे मातरम के दो शब्दों से आपत्ति थी। उन्होंने अपने धार्मिक विश्वास को राजनीतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति का माध्यम बनाया और उसके बाद देश में क्या हुआ यह सब जानते हैं। अगर कांग्रेस के इस तर्क को मान भी लें कि 1937 में महात्मा गांधी और दूसरे महान नेताओं ने जो वंदे मातरम गाया वही कांग्रेस गाएगी तब भी यह सवाल तो है कि क्या कांग्रेस अब भी मान रही है कि देश के हालात 1937 जैसे हैं? क्या कांग्रेस मान रही है कि नागरिकों का एक समूह देश के राष्ट्रगीत का सम्मान नहीं करना चाहता है तो उसकी मांग के आगे झुक जाया जाए? यह बहुत साफ दिख रहा है कि कांग्रेस अपनी तुष्टिकरण की राजनीति के चलते न सिर्फ राष्ट्रगीत का अपमान कर रही है, बल्कि कानून और संविधान का भी उल्लंघन कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने संसद के मानसून सत्र में विधेयक पारित करके जो कानून बनाया है उसमें बहुत लचीलापन है। उसमें किसी को बाध्य नहीं किया जा रहा है कि वह पूरा वंदे मातरम गाए। राजकीय समारोहों में से पूरा बजाए जाने का प्रावधान किया गया है और नागरिकों से सिर्फ यह उम्मीद की जा रही है कि जब भी वंदे मातरम गाया या बजाया जाए तो वह उसका सम्मान करे। उससे सिर्फ यह उम्मीद की जाती है कि वह वंदे मातरम का अपमान नहीं करे, उसके गायन में बाधा नहीं उत्पन्न करे और इसे रोकने का प्रयास न करे। अगर उसे गीत याद नहीं है तब भी उससे सिर्फ सम्मान की उम्मीद की जा रही है। असल में देश की मुस्लिम आबादी का एक बड़ा हिस्सा है अपनी संवैधानिक पहचान से ऊपर धार्मिक पहचान को रखना चाहता है। यह देश की एकता व अखंडता के लिए एक चिंताजनक विचार है। भारत का संविधान सबको धार्मिक आजादी देता है। लेकिन हर नागरिक की पहली पहचान भारतीय होने की है, जो संविधान से व्याख्यायित है। उससे ऊपर कोई पहचान नहीं हो सकती है। यह बात देश की मुख्य विपक्षी पार्टी को समझने की जरुरत है। नागरिक की संवैधानिक पहचान सबसे ऊपर है और अगर देश की संसद ने कानून बना कर वंदे मातरम का गायन अनिवार्य किया है और उसके सम्मान के कुछ नियम बनाए हैं तो उनका पालन किया जाना चाहिए।

## राशिफल

**मेष**
आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज आप कारोबार से रिलेटेड कुछ परिवर्तन कर सकते हैं, जो आपको लॉन्ग टर्म में बेनिफिट देंगे। आज आप परिवार के साथ धार्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे और कुछ समय बिताएंगे, जिससे आपके मन को शांति मिलेगी। आज किसी काम में आपको भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा, जिससे काम जल्दी ही पूरा हो जाएगा।

**वृष राशि**
आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। आज आप ऑफिस में नए प्रोजेक्ट को लेकर स्टाफ के साथ डिस्कशन कर सकते हैं, जिससे आपको बेहतरीन सुझाव मिलेंगे। आज आप कोर्ट-कचहरी के मामलों में अपने दोस्त से मदद ले सकते हैं, जिससे सब जल्द ही सुलझ जाएगा। आज आप बच्चों को लेकर थोड़ा उलझन में रहेंगे, वे पढ़ाई-लिखाई में आपको थोड़ा निराश कर सकते हैं।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज आप पेंडिंग कार्यों को पूरा करने के साथ-साथ नए टारगेट भी बना लेंगे। आज आप दूसरों से उम्मीद करने के बजाय अपनी मेहनत और क्षमता पर विश्वास रखेंगे, तो काम सुचारू रूप से बनते जाएंगे। आज आप जीवनसाथी के साथ मूवी देखने की प्लानिंग करेंगे, जिससे आपसी रिश्ता मजबूत बनेगा। आज आपको राजनीतिक संबंधों का लाभ मिलेगा।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपका आत्मविश्वास बरकरार रहेगा, जिसकी वजह से आपके अधिकतर काम निपट जाएंगे। आज बड़ों का आशीर्वाद मिलेगा और आप अपने सपनों को पूरा करने में सफल रहेंगे। आपको दांपत्य जीवन का सुख मिलेगा। इस राशि के छात्र आज किसी प्रतियोगी परीक्षा में बैठेंगे, जिसका परिणाम आपके फेवर में रहेगा।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए खुशी से भरा रहेगा। आज आप पिता के साथ कारोबार में हाथ बटाएंगे, जिससे उन्हें बेहद खुशी मिलेगी। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करेंगे, जिससे आपका सामाजिक दायरा और सम्मान बढ़ेगा। आज आप व्यर्थ की बातों से दूर होकर अपने काम पर पूरी तरह ध्यान देंगे, तो आपके काम समय पर पूरे हो जाएंगे और बॉस भी आपसे खुश होंगे।

**कन्या**
आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज अपने बिजनेस को बढ़ाने को लेकर किसी एक्सपर्ट की राय लेना आपके लिए बेहतर रहेगा। आज आप सामाजिक कार्यों में व्यस्त रहेंगे, जिससे आपकी सामाजिक छवि अच्छी बनेगी। इस राशि के लेखक आज कुछ नया लिखने का प्रयास करेंगे, जो आने वाले समय में सबको बहुत पसंद आएगा। आज आपको शारीरिक समस्या से राहत मिलेगी।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए लाभदायक बना रहेगा। आज आप बिजनेस में अच्छा धन लाभ कमाएंगे और आपके व्यावसायिक रिश्ते मजबूत बनेंगे। आज आपका दांपत्य जीवन खुशहाल रहेगा और संतान पक्ष से खुशखबरी मिलने की संभावना है। आज आप मित्रों के साथ कहीं बाहर घूमने जा सकते हैं, जिससे आपका माइंड रिलैक्स महसूस करेगा। आज आपको रोजगार में नए अवसर प्राप्त होंगे।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज आपको नौकरी में प्रमोशन मिलने की संभावना है, आपके काम से बॉस बहुत खुश होंगे। आज आप बच्चों की समस्याओं का समाधान निकालने के लिए कुछ समय उनके साथ जरूर बिताएं। आज कोई भी पेपर वर्क करते समय पहले अच्छी तरह जांच-पड़ताल कर लें, यह आपके लिए बेहतर होगा।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहने वाला है। आज इस राशि के टेक्सटाइल इंडस्ट्री से जुड़े व्यक्तियों के लिए लाभ का दिन है, आपको बड़े ऑर्डर मिल सकते हैं। आज प्रॉपर्टी से जुड़ी समस्याओं में थोड़ी भागदौड़ के उपरांत काम बन जाएगा। आज आपके सगे-संबंधियों से अच्छे तालमेल बनेंगे। आज आपको किसी असहाय की सहायता करने का मौका मिलेगा और आपकी मदद से उसका जीवन संवर जाएगा।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक बना रहेगा। आज आप अपनी दिनचर्या में कुछ बदलाव कर सकते हैं, जिससे आपका काम ज्यादा प्रभावी और बेहतर आउटपुट देने वाला होगा। आज आप कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह अवश्य लें। आज आप अपने स्वास्थ्य का पूरा ख्याल रखें और बदलते मौसम में अपने खान-पान को लेकर थोड़ा सतर्क रहें।

**कुंभ**
आज का दिन कार्यक्षेत्र में तरक्की दिलाने वाला रहेगा। आज आप बिजनेस में बड़ा लाभ कमाएंगे और आपके व्यापार की ग्रोथ बढ़ेगी। आप अनुभवी तथा वरिष्ठ लोगों के मार्गदर्शन और सलाह का उचित पालन करें। आज आपका दांपत्य जीवन खुशहाल रहेगा, आप जीवनसाथी के साथ शॉपिंग करने का मन बना सकते हैं।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए उत्साह से भरा रहेगा। आज आपको नौकरी के लिए किसी मल्टीनेशनल कंपनी से ऑफर आ सकता है, जिससे आपकी तरक्की की राह आसान हो जाएगी। आज आपके टूर एंड ट्रैवल्स संबंधी व्यवसाय में सुधार आएगा। आज ऑफिस में कार्यभार अधिक होने की वजह से ओवरटाइम करना पड़ सकता है।

# पीएम मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा चलाएगी सेवा संकल्प अभियान

### 0 वडनगर से काशी तक निकलेगी युवा मोर्चा की सेवा यात्रा, 7 अक्टूबर को 1,000 स्थानों पर लिया जाएगा विकसित भारत का संकल्प



अंबागढ़ चौकी (दावा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक पूरे एक माह सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान पीएम मोदी के संवैधानिक पदों (मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री) पर 25 वर्ष के सफल जनसेवा कार्यकाल के उपलक्ष्य में जनसेवा, सामाजिक सहभागिता और विकसित भारत 2047 के संकल्प को समर्पित रहेगा। अभियान की तैयारियों को लेकर भाजपा पदाधिकारियों ने शनिवार को एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर विस्तृत जानकारी साझा की।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप वर्मा ने बताया कि 7 अक्टूबर को नरेंद्र मोदी के गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के 25 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस ऐतिहासिक उपलब्धि को पार्टी सेवा और समर्पण पर्व के रूप में मनाएगी। अभियान का आगाज 17 सितंबर को सेवा दिवस के रूप में वृहद रक्तदान शिविर के साथ होगा। उसी दिन शाम 7 बजे आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम के तहत आमजन व हितग्राहियों द्वारा अपने घरों में दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। माहभर स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य जांच शिविर, भाषण व चित्रकला प्रतियोगिताएं तथा सेवा सेतु अभियान के जरिए पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ने के लिए ब्लॉक स्तरीय शिविर आयोजित होंगे। अभियान के तहत भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) द्वारा विशेष सेवा यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा पीएम मोदी की जन्मस्थली वडनगर से उनकी संसदीय कर्मभूमि वाराणसी और वाराणसी से वडनगर तक विभिन्न दलों में निकलेगी। करीब 20 दिनों तक विभिन्न राज्यों से गुजरने वाली इस यात्रा के दौरान चौपालों, आंगनबाड़ी केंद्रों, किसानों और युवाओं से सीधा संवाद किया जाएगा। साथ ही सेवा ज्योति कलश यात्रा निकाली जाएगी। 7 अक्टूबर को ऐतिहासिक दिन के अवसर पर देश व प्रदेश के करीब 1,000 प्रमुख स्थानों पर विकसित भारत 2047 का सामूहिक संकल्प दिलाया जाएगा।

### नारी शक्ति और युवाओं के नवाचार पर विशेष फोकस

अभियान में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ तथा नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर केंद्रित महिला सम्मेलनों का आयोजन होगा। सुशासन संवाद के जरिए पंचायत व नगरीय निकाय के जनप्रतिनिधि जनता से रूबरू होंगे। युवाओं, छात्रों और स्टार्टअप्स के लिए सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज का आयोजन किया जाएगा। जिसमें उन्हें अपने नवाचार प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा।

### सेवा मेरा योगदान के तहत 25 मिनट श्रमदान की अपील

नेताओं ने बताया कि अभियान के तहत सेवा मेरा योगदान पहल के जरिए प्रत्येक नागरिक से कम से कम 25 मिनट का श्रमदान करने का आह्वान किया जाएगा। इसके अलावा मानव समूह रंगोली के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं और राष्ट्रीय प्रतीकों को प्रदर्शित किया जाएगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से विक्रांत सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप वर्मा, अरुण यादव, अवधेश त्रिपाठी, उमाकांत (राजू) टांडिया, राजेश जैन गुजराती, अंबर जोशी, अविनाश त्रिपाठी, किशोर अटभैया एवं देवनारायण कुंभकार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पीएम मोदी के 25 वर्षों के सुशासन पर 17 सितंबर से चलेगा माहव्यापी सेवा संकल्प अभियान : नीलू शर्मा



**रक्तदान, स्वच्छता, सेवा ज्योति कलश यात्रा और नवाचार सहित 12 प्रमुख कार्यक्रमों से जुड़ेगा जन-जन**

खैरागढ़ (दावा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस एवं जनसेवा में उनके 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक पूरे देश, प्रदेश सहित खैरागढ़-छुईखदा, गंडई जिले में माहव्यापी विशेष 'सेवा संकल्प अभियान' आयोजित किया जाएगा। छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि 7 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक संवैधानिक प्रमुख (मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री) के रूप में अपनी सेवा यात्रा के 25 वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण कर रहे हैं। नीलू शर्मा ने कहा कि 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शुरू हुआ जनसेवा और समर्पण का यह सफर आज 140 करोड़ देशवासियों के सर्वांगीण विकास का आधार बन चुका है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री के बेदाग कार्यकाल, सुशासन और जनहितैषी नीतियों के संदेश को घर-घर पहुंचाना तथा 'विकसित भारत 2047' के राष्ट्रीय संकल्प को सुदृढ़ करना है।

### अभियान के 12 प्रमुख कार्यक्रम

विशाल रक्तदान शिविरों के साथ अभियान का भव्य शुभारंभ। योजनाओं के लाभार्थियों एवं नागरिकों द्वारा दीप प्रज्वलन। स्कूली विद्यार्थियों के लिए चित्रकला व भाषण प्रतियोगिताएं। महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर जिलेभर में वृहद स्तर पर श्रमदान। नुक्कड़ नाटकों व संवाद के माध्यम से विकास नीतियों का व्यापक प्रचार-प्रसार। आंगनवाड़ी केंद्रों पर पोषण, स्वास्थ्य व महिला कल्याण पर विशेष परिचर्चा। बाइक रैली एवं पदयात्रा के जरिए विकसित भारत का सामूहिक संकल्प। युवा मोर्चा द्वारा अंतरराज्यीय सेवा यात्रा और ग्रामीण चौपालों का आयोजन। प्रत्येक नागरिक से 25 विषयों पर कम से कम 25 मिनट श्रमदान करने का आह्वान। ब्लॉक स्तर पर स्वास्थ्य जांच एवं जनकल्याणकारी शिविरों का आयोजन। सार्वजनिक स्थलों पर मानवीय श्रृंखला एवं भव्य रंगोली निर्माण। युवाओं, स्टार्टअप्स व जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद एवं नवाचारों का सम्मान। पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा ने जिले के समस्त कार्यकर्ताओं, प्रबुद्धजनों और आम नागरिकों से अपील की है कि वे इन कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लें और 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र को धरातल पर साकार करें।

# डीजे पर ठोस कार्रवाई के बजाय फिर वही समझाईश, शांति समिति की बैठक में औपचारिकता



डोंगरगांव (दावा)। आगामी गणेश पर्व एवं अनंत चतुर्दशी पर प्रतिमा विसर्जन को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कानून-व्यवस्था, यातायात और विसर्जन रूट को लेकर रूपरेखा तैयार की गई, लेकिन ध्वनि प्रदूषण व डीजे के संवेदनशील मुद्दे पर प्रशासन का रवैया एक बार फिर पुराने ढर्रे पर ही नजर आया। ठोस प्रतिबंध के बजाय सिर्फ समझाइश देकर औपचारिकता निभाई गई।

### डीजे पर सिर्फ हिदायत, सख्त रणनीति नदारद

विगत वर्षों में विसर्जन के दौरान डीजे के कानफोड़ू शोर, उपद्रव और विवादों को देखते हुए नागरिकों को उम्मीद थी कि इस बार प्रशासन कड़े कदम उठाकर पूर्ण प्रतिबंध या सख्त जब्ती की कार्ययोजना लाएगा। हालांकि, बैठक में अधिकारियों ने समितियों को केवल निर्धारित डेसिबल सीमा में ध्वनि विस्तारक यंत्र बजाने की पुरानी नसीहत दी। जिससे सख्त कार्रवाई को लेकर प्रशासन के रवैये पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### फूहड़ गानों पर रोक, नशे पर बर्दाश्त नहीं होगी नरमी : टीआई

बैठक में उपस्थित गणेश उत्सव समितियों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि विसर्जन यात्रा में किसी भी प्रकार के अश्लील व फूहड़ गाने नहीं बजाए जाएंगे। साथ ही सभी समितियां शाम 4 बजे से पूर्व अपने पंडाल छोड़कर विसर्जन मार्ग की ओर प्रस्थान करेंगी। थाना प्रभारी (नगर निरीक्षक) आशीर्वाद राहटगांवकर ने दो टूक चेतावनी दी कि विसर्जन के दौरान शराब या किसी भी प्रकार का नशा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और हुड़दंगियों पर बिना किसी समझौते के कड़ी वैधानिक कार्रवाई होगी। डोंगरगांव में एक ही मुख्य मार्ग होने के कारण यातायात नियंत्रण भी एक बड़ी चुनौती रहेगा।

### श्री मित्र मंडल ने पेश की मिसाल, बिना डीजे होगा विसर्जन

एक तरफ जहां अधिकांश समितियां डीजे की उपलब्धता के फेर में पितृपक्ष लगने के बाद विसर्जन की तैयारी में हैं। वहीं पुराना बाजार स्थित श्री मित्र मंडल ने प्रेरणादायक पहल की है। समिति से जुड़े नवयुवकों ने पंचांग के अनुसार 25 सितंबर को बिना डीजे के पूर्णतः पारंपरिक व सादगीपूर्ण तरीके से प्रतिमा विसर्जन का निर्णय लेकर शहर के सामने मिसाल पेश की है।

### बरगांव एनीकट पर सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश

बैठक में विसर्जन जुलूस के दौरान ट्रैफिक डायवर्जन और प्रमुख चौराहों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने की योजना बनाई गई। विसर्जन स्थल बरगांव एनीकट पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, क्रेन, बैरिकेडिंग और गोताखोरों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश नगर पालिका को दिए गए हैं। साथ ही गणमान्य नागरिकों से अफवाहों को रोकने और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में सहयोग की अपील की गई।

# जनपद पंचायत छुरिया में माहव्यापी सेवा संकल्प अभियान 17 सितंबर से, होंगे विविध कार्यक्रम

**क्षेत्र के 50,000 घरों में आशीर्वाद का दीया जलाकर होगा अभियान का शुभारंभ**

छुरिया (दावा)। राज्य शासन के निर्देशानुसार जनपद पंचायत छुरिया क्षेत्र में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक माहव्यापी 'सेवा संकल्प अभियान' का आयोजन किया जाएगा। अभियान के तहत सुशासन, सेवा, स्वच्छता, जल संरक्षण और सामाजिक सहभागिता से जुड़ी विविध गतिविधियां संचालित की जाएंगी। इसका मुख्य उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और विकास कार्यों में आमजन की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना है। अभियान का शुभारंभ 17 सितंबर को आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम से होगा। इसके तहत क्षेत्र के लगभग 50 हजार घरों में दीप प्रज्वलित कर सेवा, सकारात्मकता और सामाजिक एकजुटता का संदेश दिया जाएगा।

### अभियान के प्रमुख पड़ाव और गतिविधियां

17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक नमो सेवा-अनकही कहानियां कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें जनकल्याण व सेवा से जुड़ी प्रेरणादायक कहानियों के माध्यम से लगभग 2,000 ग्रामीणों को जोड़ा जाएगा। 1 अक्टूबर को जल जन सेवा संकल्प के तहत नदियों, तालाबों और सार्वजनिक स्थलों पर वृहद श्रमदान कर सफाई की जाएगी। साथ ही जल संरक्षण पर जनजागरूकता गोष्ठी होगी। जिसमें करीब 1,800 ग्रामीण सहभागिता करेंगे। 7 अक्टूबर को सेवा ज्योति कलश यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें लगभग 500 ग्रामीण महिलाओं की विशेष भागीदारी रहेगी। 17 अक्टूबर को अभियान के समापन अवसर पर सुशासन सेवा संवाद-जनसेवक महाकुंभ पंचायत से पार्लियामेंट का आयोजन होगा। जिसमें जनप्रतिनिधि ग्रामीण विकास व सुशासन पर संवाद करेंगे। जनपद पंचायत छुरिया के अध्यक्ष ने क्षेत्रीय नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर अभियान को सफल बनाएं और स्वच्छता, जल संवर्धन व ग्राम विकास में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।

# ग्राम सिंघोला में उच्च स्तरीय जर्जर पानी टंकी पर प्रशासन की त्वरित कार्रवाई, सुरक्षित तरीके से हटाया गया



राजनांदगांव (दावा)। विकासखंड के ग्राम सिंघोला में स्थित वर्षों पुरानी और अत्यंत जर्जर हो चुकी उच्च स्तरीय आरसीसी पानी टंकी को प्रशासन ने त्वरित संज्ञान लेते हुए सुरक्षित तरीके से गिरा दिया है। कलेक्टर जितेंद्र यादव के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है और एक संभावित बड़ा हादसा टल गया है। ग्राम सिंघोला के ग्रामीणों द्वारा गांव में स्थित इस अनुपयोगी व जर्जर पानी टंकी से जनहानि की आशंका जताते हुए इसे हटाने का अनुरोध प्रशासन से किया गया था। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए कलेक्टर ने तत्काल संज्ञान लिया और संबंधित अधिकारियों को सुरक्षात्मक प्रक्रिया अपनाते हुए इसे हटाने के स्पष्ट निर्देश दिए।

### सुरक्षा मानकों का किया गया कड़ाई से पालन

प्रशासनिक अमले ने कार्रवाई शुरू करने से पहले पूरे क्षेत्र में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क किया। मौके पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए और आवश्यक एहतियात बरतते हुए नियंत्रित तरीके से जर्जर ढांचे को ढहाया गया। इस दौरान किसी भी प्रकार की जन-धन की हानि नहीं हुई और पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। कलेक्टर जितेंद्र यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिले में जहां कहीं भी इस तरह की पुरानी, जर्जर एवं अनुपयोगी संरचनाएं मौजूद हैं। उनकी पहचान कर प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाए ताकि आम नागरिकों की सुरक्षा हर हाल में सुनिश्चित हो सके।

# विरासत क्विज में रींवागहन स्कूल की जोड़ी ने मारी बाजी, अमन और विवेक बने विजेता



**रॉयल किड्स कॉन्वेंट रहा उपविजेता, रायपुर में होने वाली राज्य स्तरीय स्पर्धा के लिए विजेता चयनित**

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय राष्ट्रीय कला एवं सांस्कृतिक धरोहर न्यास (इंटेक) के राजनांदगांव-खैरागढ़ चैप्टर द्वारा आयोजित राष्ट्रीय विरासत क्विज प्रतियोगिता 2026 का भव्य आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुम्डीबोड़ में किया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र के 10 विद्यालयों से आए 120 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कड़ी स्पर्धा के बीच लक्ष्मी नारायण बदूरका शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रींवागहन के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान पर कब्जा जमाया। विद्यालय के कक्षा 10वीं के छात्र अमन पटेल एवं कक्षा 9वीं के छात्र विवेक यादव की जोड़ी ने लिखित व मौखिक दोनों चरणों में अपनी मेधा का लोहा मनवाया। वहीं प्रतियोगिता में रॉयल किड्स कॉन्वेंट राजनांदगांव के विद्यार्थियों ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

### लिखित व मौखिक चरणों में परखी गई संस्कृति व इतिहास की समझ

प्रतियोगिता के पहले चरण में देश की समृद्ध विरासत, कला, संस्कृति, इतिहास एवं परंपराओं पर आधारित 20 प्रश्नों की लिखित परीक्षा आयोजित की गई। इसके आधार पर शीर्ष 10 चयनित विद्यार्थियों के मध्य मौखिक प्रश्नोत्तरी (ओरल राउंड) कराई गई। विजेता बने अमन पटेल और विवेक यादव अब रायपुर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### विभिन्न विद्यालयों के 120 विद्यार्थियों ने लिया भाग

प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुमड़ीबोड़, मिडिल स्कूल तुम्डीबोड़, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रिवागहन, मिडिल स्कूल रिवागहन, सरस्वती विद्या मंदिर, एरॉन जेन्सन स्कूल तुमड़ीबोड़ तथा रॉयल किड्स कॉन्वेंट राजनांदगांव सहित आसपास के स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया। खराब मौसम और बारिश के बावजूद विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बनता था। कार्यक्रम तुम्डीबोड़ स्कूल की प्राचार्या डॉ. श्रीमती मॉनसी वर्गीस के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। जबकि मंच संचालन अधिवक्ता अमलेंदु हाजरा ने किया। इंटेक चैप्टर के संयोजक डॉ. आनंद वर्गीस ने विद्यार्थियों को विरासत संरक्षण और प्रतियोगिता के प्रारूप से अवगत कराया। अंत में प्राचार्या डॉ. मॉनसी वर्गीस ने प्रतिभागी विद्यार्थियों व शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। उक्त जानकारी इंटेक के प्रचार-प्रसार प्रभारी अशोक श्रीवास्तव ने दी।

# आज परिक्षेत्र साहू समाज गैंदाटोला में शिक्षक सम्मान समारोह एवं सामाजिक परिचर्चा का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। परिक्षेत्रीय साहू समाज गैंदाटोला के तत्वावधान में आज 13 सितंबर को गैंदाटोला स्थित समाज भवन में भव्य शिक्षक सम्मान समारोह एवं सामाजिक परिचर्चा का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रतिभाशाली स्वजातीय शिक्षकों को सम्मानित करने के साथ-साथ समाज की प्रादेशिक नियमावली और सामाजिक संगठन को लेकर विचार-मंथन किया जाएगा। परिक्षेत्रीय साहू समाज के मीडिया प्रभारी गिरधरलाल साहू ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य सामाजिक नियमावली को ग्राम स्तर से लेकर समाज के अंतिम छोर तक प्रभावी ढंग से लागू करना है, ताकि पूरा समाज तय नियमों के अनुरूप संगठित होकर आगे बढ़ सके। इस विशेष आयोजन में जिला साहू समाज राजनांदगांव के युवा अध्यक्ष नोबल साहू, न्याय प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मदनलाल साहू तथा जिला साहू संघ के कार्यकारिणी सदस्य भरत लाल साहू विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान पदाधिकारियों द्वारा समाज के सर्वांगीण विकास, कुरीतियों के उन्मूलन और सांगठनिक मजबूती पर मार्गदर्शन दिया जाएगा।

# कल भाठागांव में अखण्ड रामधुनि प्रतियोगिता

हरदी (दावा)। ग्राम कुतुलबोड़/भाठागांव में ग्राम विकास समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से 14 एवं 15 सितंबर को दो दिवसीय अखण्ड रामधुनि प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। प्रवेश शुल्क 251 रुपए है। प्रतिभागी मंडलियों को पुरस्कार झांकी वर्ग में प्रथम से क्रमशः 3001, 2501, 2001, 1501, 1001, 701 एवं नृत्य वर्ग में प्रथम से 2001, 1501, 1001, 501 रुपए रखा गया है। विशेष पुरस्कार गायन, वादन, वेशभूषा, झांकी, अनुशासन में 501 रुपए रखा गया है। प्रत्येक प्रतिभागी मंडलियों को 3000 सदाबहार राशि दिया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष रोहित कुमार साहू व गोपाल बघेल ने बताया कि समिपस्थ ग्राम करमतरा व चेंदरीबन नवागांव में भी रखा गया है।

# घुपसाल दंतेश्वरी पहाड़ी पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर रोपे गए 200 पौधे, सुरक्षा का लिया संकल्प



डोंगरगांव (दावा)। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर पर्यावरण सुरक्षा एवं हरियर छत्तीसगढ़ संकल्पना के तहत घुपसाल स्थित मां दंतेश्वरी मंदिर पहाड़ी पर वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सामाजिक सहभागिता की मिसाल पेश करते हुए लगातार 7वें वर्ष विभिन्न सामाजिक संगठनों, पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों के संयुक्त प्रयासों से करीब 200 विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। पर्यावरण मित्र व्याख्याता बलराम कुमार श्रीवास एवं व्याख्याता गौकरण भुआर्य के विशेष संयोजन में प्रतिवर्ष पहाड़ी पर हरियाली बढ़ाने और रोपे गए पौधों के संरक्षण का कार्य किया जाता है। इसी कड़ी में जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में श्रीराम ग्रुप, बजरंग दल, बोलबम समूह तथा ग्रामवासियों ने मिलकर पहाड़ी परिसर में सघन पौधरोपण किया और उनके संवर्धन व सुरक्षा का सामूहिक संकल्प लिया।

पौधरोपण अभियान में श्रीराम ग्रुप से केशव भारती, बलराम श्रीवास, पूरन टांडेकर, डुमेश साहू, कैलाश चौधरी, गौकरण भुआर्य, रामकुमार विश्वकर्मा व मुकेश साहू; बजरंग दल से देवकुमार पिथौरा, पंकज आंधिया, इसु रामेश्वर, हर्षित व पुनाराम रावटे तथा बोलबम ग्रुप से नेहा ठाकुर, मोहनी फरदिया, अनिता वासनिक, जय प्रेम ताम्रकार, यशराज, नरेश शुक्ला व कामता साहू शामिल रहे। इसके साथ ही रवि प्रेमलाल, हर्ष प्रांजल, धनुषराम, स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि, बड़ी संख्या में ग्रामीणजन और नन्हे-मुन्ने बच्चों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान किया। व्याख्याता बलराम कुमार श्रीवास ने बताया कि पहाड़ी को हरित क्षेत्र के रूप में विकसित करने के लिए रोपे गए पौधों की नियमित देखभाल और सुरक्षा की व्यवस्था भी की गई है।

# नगर पालिका चुनाव : भाजपा चुनाव प्रभारी लाभचंद बाफना ने ली बैठक, जीत के लिए बनाई रणनीति

**० 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलेगा अभियान, वार्ड स्तर पर नियुक्त होंगे प्रभारी**
**० कार्यकर्ताओं के परिश्रम और सरकार के विकास कार्यों के दम पर लड़ेंगे चुनाव : विक्रांत सिंह**




खैरागढ़ (दावा)। आगामी नगर पालिका चुनाव की तैयारियों को धार देने के लिए जिला भाजपा कार्यालय में मंडल भाजपा की महत्वपूर्ण सांगठनिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व संसदीय सचिव एवं खैरागढ़ नगर पालिका चुनाव प्रभारी लाभचंद बाफना ने चुनावी रणनीति का खाका खींचते हुए कार्यकर्ताओं को हर हाल में जीत सुनिश्चित करने का मंत्र दिया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए लाभचंद बाफना ने कहा कि खैरागढ़ नगर पालिका का चुनाव बेहद अहम है और इसके नतीजों पर पूरे प्रदेश की नजर रहेगी।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाने का आह्वान किया। बाफना ने वार्डवार समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को प्राथमिकता से पूरा करें। इसके अलावा हर वार्ड में एक दीया देश के नाम कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए जल्द वार्ड प्रभारी व सह-प्रभारी नियुक्त किए जाएंगे।

### रणनीति और संगठन के दम पर जीतेंगे : ओमप्रकाश जोशी

चुनाव सह-प्रभारी एवं बेमेतरा के पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी ने कहा कि आरक्षण की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, अब सीधे जनसंपर्क और रणनीति का वक्त है। किसी भी चुनाव की जीत का आधार मजबूत संगठन और समर्पित कार्यकर्ता होते हैं। इसलिए सभी कार्यकर्ता आज से ही मैदान में सक्रिय हो जाएं।

### भाजपा सरकार के विकास कार्यों पर जनता लगाएगी मुहर : विक्रांत सिंह

जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि खैरागढ़ का संपूर्ण विकास भाजपा शासनकाल की देन है। प्रधानमंत्री आवास योजना समेत तमाम योजनाओं से अंतिम पंक्ति के लोगों को लाभ मिला है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह चुनाव सरकार के जनहितैषी कार्यों पर जनता की मुहर साबित होगा और खैरागढ़ में एक बार फिर भाजपा का परचम लहराएगा।

### सेवा संकल्प अभियान से मिलेगा बल

बैठक में डॉ. बिशेसर साहू एवं घम्मन साहू ने भी विचार रखे। उन्होंने कहा कि 17 सितंबर से शुरू हो रहा सेवा संकल्प अभियान चुनावी तैयारियों को गति देगा। कार्यक्रम का संचालन ऋषि सिंह ने किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक कोमल जंघेल, जिला महामंत्री शशांक ताम्रकार, जैनेन्द्र जंघेल, मंडल अध्यक्ष दिनेश वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष गिरजा चन्द्राकर, जिला उपाध्यक्ष नीलिमा गोस्वामी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष उमा चौबे, भाजयुमो जिलाध्यक्ष आयश सिंह, अनिल अग्रवाल, विकेश गुप्ता, शैलेन्द्र त्रिपाठी, गोरेलाल वर्मा, रामाधार रजक, अयूब सोलंकी, विनय देवांगन, महेश गिरी, कमलेश कोठले, हर्षवर्धन वर्मा, कीर्ति वर्मा, अनीश सिंह व वंदना टांडेकर सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आज 8वें खिताब के लिए श्रीलंका से भिड़ेगी 'हरमन ब्रिगेड'




नई दिल्ली. भारतीय क्रिकेट फैंस के लिए कल यानी रविवार (13 सितंबर) की शाम रोमांच का जबरदस्त तड़का लगने वाला है. मैदान पर एक नहीं, बल्कि भारत की दो टीमें एक्शन में होंगी. एक तरफ भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम का सामना पहले टी20 इंटरनेशनल मैच में अफगानिस्तान से होना है तो दूसरी ओर महिला टीम विमेंस एशिया कप के फाइनल मुकाबले में श्रीलंका से भिड़ेगी. भारतीय महिला तीन ने लगातार 10वीं बार एशिया कप के फाइनल में जगह बनाई है. उसकी नजरें अपने आठवें खिताब पर हैं. ये दोनों ही मुकाबले भारतीय समयानुसार शाम को खेले जाने हैं. ऐसे में चलिए आपको इससे जुड़ी सारी जानकारी देते हैं.

कल से भारत और अफगानिस्तान के बीच टी20 सीरीज का पहला मुकाबला खेला जाएगा. तीन मैचों की यह सीरीज दिल्ली में ही खेली जाएगी. तीनों ही मुकाबले अरुण जेटली स्टेडियम में आयोजित होंगे. दिलचस्प यह यह कि अफगानिस्तान की टीम मेजबानी कर रही है, जब भारत अपने ही घर में मेहमान बनकर खेलने उतरेगी. ऐसा पहली बार होगा. श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली टी20 टीम जिम्बाब्वे में जीत के बाद अफगानिस्तान का क्लीन स्वीप करने के इरादे से उतरेगी. वैभव सूर्यवंशी, अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, जसप्रीत बुमराह जैसे स्टार खिलाड़ियों पर नजरें रहने वाली हैं.

महिला एशिया कप के फाइनल में भारत की टक्कर डिफेंडिंग चैंपियन श्रीलंका से है. श्रीलंकाई टीम पिछली दो बार से टी20 फॉर्मेट के एशिया कप के फाइनल में पहुंचने में सफल रही है, जिसमें 2024 सीजन उसके नाम रहा. श्रीलंका ने भारत को ही शिकस्त देकर खिताब अपने नाम किया. ऐसे में अब भारत के पास इसका हिसाब बराबर करना का शानदार मौका है. भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में अब तक शानदार खेल दिखाया है. सेमीफाइनल में हरमनप्रीत कौर की टीम ने बांग्लादेश को धूल चटाई थी. वहीं, श्रीलंका ने पाकिस्तान को हराकर फाइनल का टिकट पक्का किया. भारत इस टूर्नामेंट की सबसे सफल टीम है. उसने अब तक खेले गए हर एशिया कप एडिशन के फाइनल में प्रवेश किया और 7 बार एशिया कप का ट्रॉफी उठाई है. अब भारत की नजरें आठवीं बार खिताबी जीत पर होंगी. वहीं, श्रीलंका की कोशिश लगातार दूसरी बार चैंपियन बनने की है.

महिला एशिया कप फाइनल कितने बजे शुरू होगा?

महिला एशिया कप में भारत और श्रीलंका की भिड़ंत रात 8 बजे शुरू होगी. दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में होने वाले इस मैच की लाइव स्ट्रीमिंग स्शठ्4 रुद्ब1 एप पर होगी. वहीं, लाइव टेलीकास्ट सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर होगा.

भारत और अफगानिस्तान का टी20 स्क्वॉड

भारत : श्रेयस अय्यर (कप्तान), अभिषेक शर्मा, वैभव सूर्यवंशी, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा (उपकप्तान), शिवम दुबे, नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, यश ठाकुर. अफगानिस्तान : इब्राहिम जादरान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), नूर रहमान (विकेटकीपर), सेदिकुल्लाह अटल, दरविश रसूली, अजमतुल्लाह उमरजई, गुलबदीन नायब, मोहम्मद नबी, राशिद खान, नांग्याल खरोती, नूर अहमद, मुजीब उर रहमान, फजलहक फारूकी, अब्दुल्ला अहमदजई और नवीन-उल-हक.

# ओडिशा टी20 : सुरेश रैना और देबाशीष मोहंती बने ब्रांड एंबेसडर




नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के बाद अब ओडिशा में टी20 क्रिकेट का रोमांच सिर चढ़कर बोलने वाला है। 20 से 29 सितंबर के बीच कटक के ऐतिहासिक बाराबती स्टेडियम में आयोजित होने वाली ओडिशा टी20 लीग 2026 - सीएम ट्रॉफी के लिए भारत के दो पूर्व स्टार दिग्गज सुरेश रैना और ओडिशा के अपने देबाशीष मोहंती को आधिकारिक ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया है।

ओडिशा क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट का मुख्य उद्देश्य राज्य के युवा और उभरते खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और दबाव में खेलने का अनुभव देना है। ब्रांड एंबेसडर के रूप में लीग से जुड़ने पर पूर्व भारतीय ऑलराउंडर सुरेश रैना ने ओडिशा के फैंस के लिए खास संदेश दिया, नमस्कार, ओडिशा! सभी क्रिकेट फैंस के लिए एक बहुत अच्छी खबर है। ओडिशा ञ्20 लीग - सीएम ट्रॉफी की आधिकारिक घोषणा हो चुकी है और 20 से 29 सितंबर तक कटक के बाराबती स्टेडियम में मुकाबले खेले जाएंगे।

भारत के पूर्व तेज गेंदबाज और ओडिशा के स्थानीय हीरो देबाशीष मोहंती ने ओडिशा क्रिकेट एसोसिएशन का आभार जताते हुए कहा, ओडिशा के क्रिकेट प्रेमियों का इंतजार खत्म हुआ। 6 टीमें खिताबी जंग के लिए उतरेंगी और यह लीग हमारे खिलाड़ियों को हाई-प्रेशर माहौल में अपनी कला का प्रदर्शन करने का मजबूत मंच देगी। मैं ओसीए को इस आयोजन के लिए धन्यवाद देता हूं। मुझे यकीन है कि फैंस को कई यादगार पल देखने को मिलेंगे। सभी स्टेडियम आएं और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाएं। जय जगन्नाथ! लीग स्टेज के अंत में पॉइंट्स टेबल पर टॉप पर रहने वाली टीम सीधे फाइनल में एंट्री करेगी। वहीं दूसरे और तीसर नंबर की टीमों के बीच क्वालिफायर मैच खेला जाएगा, जिसकी विजेता टीम फाइनल में पहुंचेगी।

# हर स्कूल में होगा स्काउट-गाईड विंग, जिला मुख्य आयुक्त ने बनाई विस्तार की रणनीति



कब-बुलबुल, स्काउट-गाइड और रोवर-रेंजर की गतिविधियों पर जोर, हर विद्यालय में प्रशिक्षित प्रभारी अनिवार्य
विज्ञान भवन में संपन्न हुई केसीजी जिला संघ की प्रथम बैठक
प्रथम मुख्य आयुक्त बनने पर भागवत शरण सिंह का सम्मान

खैरागढ़ (दावा)। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के नवगठित जिला संघ खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (केसीजी) की प्रथम महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को स्थानीय विज्ञान भवन में संपन्न हुई। जिला मुख्य आयुक्त भागवत शरण सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में संगठन के विस्तार, शासकीय व निजी विद्यालयों तक पहुंच बनाने, छात्र-छात्राओं में सेवा भावना व नैतिक मूल्यों के विकास तथा आगामी कार्ययोजनाओं को लेकर ठोस रणनीति तैयार की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला मुख्य आयुक्त भागवत शरण सिंह ने कहा कि नवगठित जिले में संगठन की गतिविधियां सराहनीय हैं, लेकिन अब इसे जिले के प्रत्येक शासकीय एवं निजी शिक्षण संस्थान तक ले जाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने निर्देश दिए कि छात्र-छात्राओं के आयु वर्ग के अनुसार हर स्कूल में कब-बुलबुल, स्काउट-गाइड और रोवर-रेंजर के विंग अनिवार्य रूप से गठित किए जाएं। इसके लिए प्रत्येक स्कूल में कम से कम एक प्रशिक्षित शिक्षक को स्काउट-गाइड प्रभारी नियुक्त किया जाए और उनका पूरा डेटाबेस जिला संघ के पास संधारित रहे।

मुख्य आयुक्त ने कहा कि किताबी ज्ञान के साथ-साथ विद्यार्थियों में अनुशासन, सेवा भाव, संस्कार और नैतिक शिक्षा का विकास अत्यंत आवश्यक है। जिसका सबसे सशक्त माध्यम स्काउटिंग है। उन्होंने सेवा संकल्प अभियान के तहत माहभर चलने वाले कार्यक्रमों में विद्यार्थियों की भागीदारी बढ़ाने और वृहद पौधरोपण अभियान चलाने के निर्देश दिए। साथ ही स्पष्ट किया कि प्राप्त अंशदान राशि का शत-प्रतिशत उपयोग संगठन की विकासात्मक गतिविधियों में ही सुनिश्चित हो।

जिला आयुक्त (स्काउट) पदेन जिला शिक्षा अधिकारी उपेंद्र कुमार देवांगन ने बताया कि शीघ्र ही जिले के सभी शासकीय व अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों व प्रतिनिधियों की एक वृहद बैठक आयोजित की जाएगी।

# शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर चेंबर ऑफ कॉमर्स की सराहनीय पहल, सुगम यातायात के लिए बनी कार्ययोजना



व्यापारियों ने ली दुकानों के बाहर सामान न फैलाने की जिम्मेदारी, तीन स्थानों पर होगी पार्किंग व्यवस्था
गुरुद्वारा चौक से वन-वे एवं फ्लाई-ओवर के नीचे पसरा व्यापारियों के पुनर्वास पर बनी सहमति

राजनांदगांव (दावा)। शहर के प्रमुख बाजारों में दिनों-दिन जटिल होती यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स की जिला इकाई ने ठोस पहल की है। चेंबर के जिला अध्यक्ष कमलेश बैद के नेतृत्व में आयोजित एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक में शहर के 50 से 60 प्रमुख व्यापारियों ने भाग लिया। बैठक में आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए व्यापारिक क्षेत्रों में सुगम आवागमन, पार्किंग संकट और यातायात के दबाव को कम करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई। बैठक में व्यापारियों ने एकमत होकर कहा कि शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए केवल प्रशासनिक डंडा काफी नहीं है, बल्कि व्यापारिक वर्ग का आत्म-अनुशासन और सहयोग भी अनिवार्य है। सुधार ऐसा होना चाहिए। जिससे व्यापार भी प्रभावित न हो और आम नागरिकों को भी जाम से राहत मिल सके।

चेंबर ऑफ कॉमर्स के महामंत्री अरुण डुलानी ने बताया कि बैठक में गहन विचार-विमर्श के बाद निम्नलिखित महत्वपूर्ण निर्णयों पर सहमति बनी। व्यापारियों ने स्वयं उत्तरदायित्व लेते हुए तय किया कि वे दुकानों का सामान सड़क या सार्वजनिक गलियारों में बाहर नहीं निकालेंगे। यदि कोई व्यापारी इसके बाद भी अतिक्रमण करता है, तो नगर निगम उस पर वैधानिक कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र रहेगा। गुरुद्वारा चौक से वन-वे व्यवस्था प्रारंभ करने तथा महावीर चौक एवं भगत सिंह चौक की ओर से सुचारु आवागमन बहाल करने पर सहमति बनी। यातायात को व्यवस्थित करने हेतु तीन प्रमुख स्थलों–पुत्रीशाला स्कूल, गन चौक क्षेत्र एवं महावीर चौक को वाहनों की व्यवस्थित पार्किंग के लिए चिन्हित किया गया। सड़क किनारे व्यवसाय करने वाले छोटे पसरा व्यापारियों को फ्लाई-ओवर (ब्रिज) के नीचे व्यवस्थित स्थान उपलब्ध कराने पर सकारात्मक चर्चा हुई। गन चौक सहित प्रमुख व्यस्त इलाकों में मालवाहक वाहनों की लोडिंग-अनलोडिंग के समय और व्यवस्था को लेकर भी व्यापारियों ने अपने सुझाव दिए।6

# बीएनसी मिल गोलीकांड के शहीदों को दी श्रद्धांजलि, राजनांदगांव में नए उद्योग लगाने की उठी मांग



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा (छमुमो) एवं राजनांदगांव कपड़ा मजदूर संघ के संयुक्त तत्वावधान में 12 सितंबर 1984 के ऐतिहासिक बीएनसी मिल गोलीकांड के अमर शहीदों की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। तुलसीपुर (मोतीपुर) स्थित शहीद बेदी पर आयोजित इस कार्यक्रम में शहीद राधेबालक, जगतराम सतनामी, धनाराम देवांगन और मेहतरू देवांगन के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने शहीद साथी अमर रहें और शहीदों के रास्ते पर अमल करो के नारों के साथ उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प दोहराया। श्रद्धांजलि सभा का नेतृत्व छमुमो के जिलाध्यक्ष प्रेमनारायण वर्मा, उपाध्यक्ष मेघदास वैष्णव तथा छत्तीसगढ़ माइन्स श्रमिक संघ के अध्यक्ष सोमनाथ उईके ने किया। जबकि मंच संचालन शंकर देवांगन ने किया। सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष प्रेमनारायण वर्मा ने कहा कि बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से आम जनता त्रस्त है। वर्ष 2002 में ऐतिहासिक बीएनसी मिल बंद होने के बाद हजारों श्रमिकों की रोजी-रोटी छिन गई। जिससे राजनांदगांव की पूरी अर्थव्यवस्था चरमरा गई है। छमुमो उपाध्यक्ष मेघदास वैष्णव ने कहा कि बीएनसी मिल का विशाल परिसर आज भी खाली पड़ा है। केंद्र और राज्य सरकार को चाहिए कि मिल के विकल्प के रूप में वहां कोई बड़ा उद्योग स्थापित करे, ताकि स्थानीय शिक्षित युवाओं को रोजगार मिले और जिले का आर्थिक विकास हो सके।

### नियमितीकरण, ठेका प्रथा की समाप्ति और शराबबंदी की मांग

छत्तीसगढ़ माइन्स श्रमिक संघ के अध्यक्ष सोमनाथ उईके ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, मितानिनों, रसोइयों, संविदा, सफाई व स्वास्थ्यकर्मियों के मानदेय में वृद्धि और नियमितीकरण की मांग उठाई। साथ ही उन्होंने प्रदेश में जारी ठेकेदारी प्रथा को तत्काल समाप्त करने पर जोर दिया। वहीं छत्तीसगढ़ महिला मुक्ति मोर्चा की अध्यक्ष सावित्री जगनायक ने कहा कि प्रदेश में नशे के कारण अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। जिसे रोकने के लिए सरकार अविलंब पूर्ण शराबबंदी लागू करे। सभा को बसंत साहू, विरेन्द्र अधिवक्ता, रामचरण नेताम, सुकलाल साहू, आजूराम साहू, रमाकांत बंजारे व बिहारी ठाकुर ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर टेडेसरा, सोमनी, भिलाई, उरला, बिरगांव, दल्लीराजहरा और डौंडीलोहारा क्षेत्र से आए अशोक मारकंडे, भगोली वर्मा, रामजी साहू, पूर्व पार्षद एजाहू रहमान, रामकृष्णा साहू, हीरालाल साहू, गणेश देवांगन, घनाराम, जेठू सिन्हा एवं टोमन निर्मलकर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और शहीद परिवारों के सदस्य उपस्थित थे।

# चिखली बस्ती और भनपुरी प्रखंड में मनाया गया विहिप स्थापना दिवस




राजनांदगांव (दावा)। विश्व हिंदू परिषद के स्थापना दिवस के अवसर पर चिखली बस्ती के शांतिनगर और भनपुरी प्रखंड में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसमें विहिप कार्यकर्ताओं के साथ हिंदू समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में भगवान श्रीराम, भारत माता और विश्व हिंदू परिषद के ध्येय का स्मरण किया गया।

इस दौरान समाज की एकता, सेवा और संस्कारों को मजबूत करने का संकल्प लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद समाज के विभिन्न वर्गों को साथ लेकर हिंदू समाज की एकजुटता, सेवा कार्य और संस्कृति के संरक्षण के लिए लगातार कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्निहोत्री, जिला मंत्री त्रिगुण सादानी, सह मंत्री अंकित खंडेलवाल, बजरंग दल के जिला संयोजक राहुल बलदेव मिश्रा, युवराज सिन्हा सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भी सहभागिता की।

# पनका-पनिका समाज को 1971 के पूर्व की भांति एसटी वर्ग में शामिल कराने की मांग तेज



लवकुमार रामटेके बने संयुक्त मोर्चा के प्रदेश विधिक सलाहकार
संवैधानिक अधिकारों की बहाली के लिए बस्तर में जुटेगा प्रदेश स्तरीय सम्मेलन

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ में पनका-पनिका समाज को वर्ष 1971 के पूर्व की भांति अनुसूचित जनजाति (एसटी) की सूची में पुनः शामिल कराने की मुहिम तेज हो गई है।

समाज को संवैधानिक अधिकारों एवं आरक्षण का लाभ दिलाने के उद्देश्य से पनका, पनिका संयुक्त मोर्चा छत्तीसगढ़ ने कानूनी व प्रशासनिक स्तर पर ठोस पहल शुरू की है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के अधिवक्ता लवकुमार रामटेके को संयुक्त मोर्चा का प्रदेश विधिक सलाहकार नियुक्त किया गया है। अधिवक्ता रामटेके समाज के ऐतिहासिक अभिलेखों, गजट अधिसूचनाओं तथा वैधानिक दस्तावेजों के आधार पर कानूनी ढांचा तैयार करेंगे। साथ ही शासन-प्रशासन और न्यायालयीन स्तर पर समाज का विधिक पक्ष मजबूती से रखने की जिम्मेदारी संभालेंगे।

मोर्चा के अनुसार, बस्तर में आयोजित प्रारंभिक बैठक के बाद अब एक वृहद प्रदेश स्तरीय बैठक आयोजित करने की तैयारी है। इसमें प्रदेश भर से सामाजिक कार्यकर्ता, पदाधिकारी और विभिन्न जिलों के प्रतिनिधि जुटेंगे। बैठक में समाज के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, 1971 से पूर्व की संवैधानिक स्थिति और भविष्य की विधिक रणनीति पर विस्तार से चर्चा कर शासन को औपचारिक प्रतिवेदन सौंपा जाएगा। संयुक्त मोर्चा का कहना है कि समाज को उसके छीने गए संवैधानिक अधिकार वापस दिलाने के लिए पूरी तरह संगठित और विधिसम्मत लड़ाई लड़ी जाएगी।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**भारत-चीन वार्ता: पीएम मोदी की....**

चिंताओं को दूर करने की आवश्यकता पर बल दिया। इनमें व्यापार में संरचनात्मक असंतुलन और आपूर्ति श्रृंखला से जुड़े मुद्दे शामिल हैं। दोनों देशों ने सार्थक और पूर्वानुमान योग्य बाजार पहुंच को सुगम बनाने पर भी जोर दिया। 0 क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर सहयोग बढ़ाने पर सहमतिः दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों तथा विभिन्न चुनौतियों से निपटने के लिए साझा आधार को लगातार व्यापक बनाने पर सहमति जताई। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता के लिए चीन के समर्थन और 2026 के ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की सफलता में उसके योगदान की सराहना की।

0 द्विपक्षीय बैठक में क्या बोले शी जिनपिंग?: चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने चीन और भारत से आग्रह किया है कि वे ब्रिक्स देशों के बीच बेहतर सहयोग को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करें। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, शी ने नई दिल्ली में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान यह बात कही। शी ने कहा, चीन-भारत संबंध विकसित हुए हैं और दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों के दीर्घकालिक विकास को ध्यान में रखते हुए उन्हें रणनीतिक दृष्टिकोण से देखा है। उन्होंने कहा कि चीन और भारत अलग-अलग हैं, लेकिन दोनों देश साझा विकास हासिल करने के लिए एक-दूसरे का समर्थन और सहयोग करने में सक्षम रहे हैं। शी ने कहा, मुझे नई दिल्ली ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होने और आपसे फिर मिलने की बहुत खुशी है। भारत में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की सफलता के लिए मैं आपको हार्दिक बधाई देता हूं।

**ब्रिक्स शिखर सम्मेलन: शी जिनपिंग....**

की बैठक को भारत-चीन संबंधों के लिहाज से अहम माना जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति जिनपिंग की बैठक से पहले भारत में चीन के राजदूत जू फीहोंग ने दोनों देशों के संबंधों को लेकर महत्वपूर्ण बयान दिया। उन्होंने कहा कि चीन, प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति जिनपिंग के मार्गदर्शन में भारत के साथ मिलकर काम करेगा और दोनों देशों के बीच मौजूद मतभेदों को सुलझाएगा। भारत और चीन के बीच पिछले कुछ वर्षों से सीमा विवाद को लेकर तनाव रहा है। हालांकि, हाल के समय में दोनों पक्षों ने संबंधों में सुधार और सीमा पर स्थिति को सामान्य बनाने की दिशा में कदम उठाए हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी और शी जिनपिंग की बैठक से दोनों देशों के बीच संवाद और सहयोग को आगे बढ़ाने की संभावनाओं पर नजर बनी हुई है।

**ब्रिक्स शिखर सम्मेलन: नई दिल्ली...**

संयुक्त घोषणा पत्र में एकतरफा शुल्क और गैर-शुल्क उपायों के बढ़ते इस्तेमाल पर गंभीर चिंता जताई गई है। ब्रिक्स देशों ने कहा कि ऐसे उपाय वैश्विक व्यापार को प्रभावित करते हैं और विश्व व्यापार संगठन के नियमों के अनुरूप नहीं हैं। समूह ने एकतरफा दबाव डालने वाले उपायों की भी निंदा की और कहा कि इस तरह के कदम अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ हैं। घोषणा में परमाणु खतरों और विभिन्न क्षेत्रों में संघर्ष बढ़ने के जोखिम को लेकर भी चिंता व्यक्त की गई है। शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ब्रिक्स किसी के खिलाफ नहीं है, बल्कि सभी को साथ लेकर चलने का प्रयास करता है।

**यूनाइटेड नेशन्स में सुधार की जरूरत....**

और जिम्मेदारी के नए चरण की शुरुआत होती है। भारत की अध्यक्षता में यह चौथा ब्रिक्स सम्मेलन था। शनिवार को अगले ब्रिक्स सम्मेलन की मेजबानी की जिम्मेदारी चीन को सौंप दी गई है। इस मौके पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग, ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान, दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा, मलेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम, इंडोनेशियाई राष्ट्रपति प्राबोवो सुबियांतो, अबू धाबी के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन जायद अल नहयान और मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी सहित कई देशों के प्रमुख नेता मौजूद रहे। उन्होंने ब्रिक्स निरंतरता और क्रियान्वयन तंत्र का प्रस्ताव रखा और तीन देशों के समूह (ट्रायका) के माध्यम से सभी पहलों और परिणामों का फालो-अप करने की व्यवस्था का भी प्रस्ताव रखा।

**राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में....**

है कि अलग-अलग आरोपितों के बयानों में सामने आई जानकारियां एक-दूसरे से कितनी मेल खाती हैं। पुलिस ने केवल चोरी की घटना तक विवेचना सीमित नहीं रखी है, बल्कि आरोपितों के बीच संपर्क और उनकी आपसी भूमिका को भी जांच के दायरे में लिया है। साक्ष्यों की कड़ियां जोड़ने के बाद पुलिस आरोपितों की भूमिका के आधार पर आरोपपत्र तैयार कर रही है। माना जा रहा है कि आरोपपत्र दाखिल होने के साथ ही प्रकरण की विवेचना से जुड़े कई अहम तथ्य सामने आ सकते हैं। आरोपितों ने पुलिस को कुछ नए नाम भी बताए थे। उनकी चोरी प्रकरण में भूमिका भी पुलिस की चार्जशीट तय करेगी।

**ड्रोन हमले के बाद सऊदी ने तेल....**

सऊदी अरब का ज्यादातर तेल देश के पूर्वी हिस्से में निकलता है। इसे दूसरे देशों तक पहुंचाने के लिए आमतौर पर जहाजों का इस्तेमाल होता है, जिन्हें फारस की खाड़ी से बाहर निकलने के लिए होर्मुज स्ट्रेट से गुजरना पड़ता है। ईरान युद्ध के बाद होर्मुज का रास्ता बंद हुआ तो सऊदी ने ईस्ट-वेस्ट पाइपलाइन का सहारा लिया। यह पाइपलाइन तेल को देश के पूर्वी हिस्से से सीधे पश्चिमी तट के यानबू बंदरगाह तक पहुंचाती है। यानी तेल को होर्मुज से होकर नहीं जाना पड़ता। होर्मुज बंद होने के बाद सऊदी इस पाइपलाइन से रोजाना करीब 50 लाख बैरल तेल यानबू भेज रहा था। वहां से तेल जहाजों के जरिए दूसरे देशों तक पहुंचाया जा सकता है। होर्मुज के बाद अब लाल सागर का रास्ता भी बंद होने की कगार पर पहुंचता दिख रहा है।

**जम्मू-कश्मीर के भद्रवाह में....**

संबद्धता का पता लगाया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार, इलाके में दो से तीन अन्य आतंकवादियों के फंसे होने की आशंका है, जिसे देखते हुए जंगल के एक बड़े हिस्से में व्यापक घेराबंदी कर अतिरिक्त सुदृढ़ीकरण बल तैनात कर दिए गए हैं। भद्रवाह और आसपास के इलाकों में आतंकी गतिविधियों की कोशिशों को देखते हुए पूरे डोडा, किश्तवाड़ और आसपास के पर्वतीय क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। संवेदनशील स्थानों पर नए जांच चौकियां स्थापित की गई हैं और वाहनों की सघन जांच की जा रही है। सुरक्षा बलों का कहना है कि घाटी और जम्मू संभाग में शांति भंग करने की किसी भी कोशिश को कड़ाई से विफल किया जाएगा।

**पूर्व सीएम रावत बोले- कांग्रेस.....**

रुपये फ्रीज कर दिए हैं। ईडी की जांच में सामने आया है कि जीना ने बिना किसी वैध स्रोत के कैश में भारी खर्च किए थे जो उनकी आय के ज्ञात स्रोतों से मेल नहीं खाते हैं। उनके मोबाइल फोन को भी फॉरेंसिक विश्लेषण के लिए जब्त कर लिया गया है। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के वर्ष 2016 ग्राम पंचायत विकास अधिकारी (वीपीडीओ) परीक्षा घोटाले में पूर्व में गिरफ्तार तत्कालीन अध्यक्ष आरएस रावत की भी तत्कालीन हरीश रावत सरकार में अच्छी धमक थी। आरएस के प्रशासनिक अनुभव को देखते हुए उन्हें अहम जिम्मेदारियां भी दी गई थी। आरएस पर सरकार की कृपादृष्टि ब्यूरोक्रेसी में काफी चर्चा में रही थी। दूसरी तरफ, जीना पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के भरोसेमंदों में शामिल हैं। हरीश रावत के सीएम रहते जीना को ओएसडी बनाया गया था। यूकेएसएसएससी का वीपीडीओ भर्ती घोटाला साल 2015-16 का है। आरोप है आयोग के तत्कालीन अफसरों ने मिलीभगत कर चुनिंदा उम्मीदवारों को परीक्षा में पास करवाया था। मामले में चली लंबी जांच के बाद आयोग के तत्कालीन अध्यक्ष वरिष्ठ आईएफएस अधिकारी आरएस रावत, सचिव मनोहर सिंह कन्याल और परीक्षा नियंत्रक आरएस पोखरिया समेत कुछ लोगों को गिरफ्तार किया था। इस मामले में आरोप है कि जिन उम्मीदवारों को पास कराना था, उनकी ओएमआर शीट को यूकेएसएसएससी के अधिकारियों ने खुद भरा। फॉरेंसिक जांच होने पर यह तथ्य सामने आया कि परीक्षा खत्म होने के बाद ओएमआर सीट को भरा गया था।

**पीएम मोदी के नेतृत्व में हम सब....**

आंतरिक सुरक्षा को अभूतपूर्व संबल मिला है। धारा 370 की समाप्ति, सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर इसकी मिसाल हैं। वहीं दशकों पुरानी नक्सल समस्या पर प्रभावी प्रहार से बस्तर के जंगलों में लाल आतंक का सूर्यास्त हुआ है और विकास व शांति का नया सूर्योदय देखा जा रहा है। 17 सितंबर को शाम 7 बजे आशीर्वाद का दीया – आम नागरिक, स्व-सहायता समूह की दीदियां और हितग्राही घरों में एक दीप जलाकर प्रधानमंत्री को आशीर्वाद देंगे। 18-19 सितंबर को मेरे सपनों का भारत – 25 हजार शिक्षण संस्थानों के 50 लाख विद्यार्थियों के बीच चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिताएं। नुक्कड़ नाटक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से नीतियों का प्रचार-प्रसार। 23 से 25 सितंबर को सेवा मेरा योगदान – रक्तदान, स्वच्छता, स्वास्थ्य जांच, जल संरक्षण और वोकल फॉर लोकल के लिए श्रमदान।

**शहरी गरीबों के हित में साय सरकार....**

प्रति आवास 1.50 लाख रुपये तथा राज्य सरकार द्वारा 2.50 लाख रुपये का अनुदान दिया जाता है। हितग्राही को केवल 75 हजार रुपये का अंशदान आसान किस्तों में देना होता है। किराए पर रहने वाले कमजोर आय वर्ग हेतु केंद्र सरकार 1.50 लाख रुपये अनुदान देती है, जबकि राज्य सरकार निःशुल्क भूमि उपलब्ध कराती है। हितग्राही अंशदान 3.25 लाख रुपये आसान किस्तों में देय होता है। जिसके लिए निकायों द्वारा निरंतर लोन मेले आयोजित किए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ में एएचपी घटक के तहत स्वीकृत कुल 36,969 आवासों में से अब तक 29,267 मकान (लगभग 79 प्रतिशत) बनकर तैयार हो चुके हैं। शेष 7,702 आवासों का निर्माण प्रगति पर है। अब तक 30,438 आवासों का आबंटन पूरा हो चुका है। जिनमें से 21,923 परिवार अपने नए घरों में गृह प्रवेश कर चुके हैं। नई कट-ऑफ डेट लागू होने से रिक्त व निर्माणाधीन परिसरों में योजनाबद्ध बसाहट को नई गति मिलेगी और बिजली, पानी, सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं का समुचित उपयोग हो सकेगा। कट-ऑफ तिथि 31 अगस्त 2024 तक बढ़ाने से शहरी अंचल के ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंद परिवार योजना के दायरे में आएंगे।

# स्मार्ट मीटर को लेकर भ्रम दूर : सटीक बिलिंग के साथ उपभोक्ता खुद रख सकेंगे खपत पर नजर

राजनांदगांव (दावा)। छग स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड राजनांदगांव क्षेत्र ने स्मार्ट मीटर स्थापना को लेकर उपभोक्ताओं के बीच फैली भ्रांतियों और असमंजस को दूर करते हुए स्थिति स्पष्ट की है। कंपनी ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया पूरी तरह से केंद्र सरकार के विद्युत मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप संचालित हो रही है। मंत्रालय ने हाल ही में सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देशित किया है कि नेटवर्क उपलब्धता वाले क्षेत्रों में सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं के परिसरों में भारतीय मानकों के अनुरूप स्मार्ट मीटर स्थापना कार्य में तेजी लाई जाए।




उपभोक्ताओं को मिलेंगे सटीक बिलिंग और बचत के विकल्प

विद्युत विभाग के अनुसार, स्मार्ट मीटर लगने से मानवीय त्रुटि की गुंजाइश खत्म होगी और उपभोक्ताओं को सटीक व पारदर्शी बिलिंग प्राप्त होगी। उपभोक्ता अपनी दैनिक खपत पर मोबाइल या ऑनलाइन निगरानी रख सकेंगे। इसके अलावा भविष्य में लागू होने वाली 'टाइम ऑफ डे' दर प्रणाली के तहत उपभोक्ता पीक आवर्स (अधिक दर वाले समय) में खपत नियंत्रित कर तथा सामान्य घंटों में उपयोग बढ़ाकर बिजली बिल में कमी ला सकेंगे। वितरण कंपनी को भी लाइन लॉस नियंत्रित करने और आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में मदद मिलेगी। राजनांदगांव विद्युत क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले चार जिलों में कुल 5,39,528 कनेक्शनों में से अब तक 4,65,221 स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। जिसमें राजनांदगांव में 2,09,103 मीटर, कबीरधाम में 1,17,302 मीटर, खैरागढ़-छुईखदान, गंडई में 81,828 मीटर एवं मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी में 56,988 मीटर सक्रिय है।

### अफवाहों से बचें, अधिकृत सूचना पर ही करें भरोसा

सीएसपीडीसीएल प्रबंधन ने नागरिकों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया अथवा अपुष्ट स्रोतों से फैलाई जा रही भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान न दें। स्मार्ट मीटर से जुड़ी किसी भी तकनीकी शंका या जानकारी के लिए केवल विद्युत विभाग के अधिकृत कार्यालयों, अधिकारियों अथवा आधिकारिक संचार माध्यमों से ही संपर्क करें।

# भाजपा राज से न जनता खुश, न कार्यकर्ता, हिम्मत है तो बैलेट पेपर से कराएं चुनाव : भागवत साहू

## पूर्व जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष बोले - सत्ता की आड़ में निजी हित साध रहे भाजपा नेता



राजनांदगांव (दावा)। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ठ कांग्रेस नेता भागवत साहू ने भाजपा सरकार की कार्यप्रणाली पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा के शासनकाल से आम जनता ही नहीं, बल्कि पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता भी भारी असंतोष और निराशा के दौर से गुजर रहे हैं।

साहू ने भाजपा को खुली चुनौती देते हुए कहा कि यदि सत्ताधारी दल को लोकतंत्र और जनता के विश्वास पर पूरा भरोसा है, तो आने वाले चुनाव ईवीएम के बजाय बैलेट पेपर से कराने की सहमति दें। श्री साहू ने कहा कि विपक्ष में रहकर भी कई नेता खुलकर बोलने से कतराते हैं, लेकिन वे जनहित के मुद्दों पर सदैव मुखर रहेंगे। लोकतंत्र की मजबूती के लिए चुनाव प्रणाली का पारदर्शी और संदेह से परे होना अनिवार्य है। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता में आते ही भाजपा के छोटे से लेकर बड़े नेता केवल अपने निजी हित साधने में जुट गए हैं। जबकि किसान, व्यापारी और आम नागरिक बुनियादी समस्याओं से जूझ रहे हैं।

कांग्रेस नेता ने बिजली विभाग द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों को लेकर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं को अनाप-शनाप बिजली बिल थमाए जा रहे हैं। जिससे मध्यमवर्गीय और गरीब परिवारों का बजट बिगड़ गया है। शासन को तत्काल इस व्यवस्था की निष्पक्ष समीक्षा कर पीड़ितों को राहत देनी चाहिए। इसके अलावा साहू ने प्रदेश में भू-माफियाओं के बढ़ते हौसलों पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि आम जनता की जमीनों और संपत्तियों पर अवैध कब्जे हो रहे हैं। राजनीतिक संरक्षण के आरोपों की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

उन्होंने दो टूक कहा कि लोकतंत्र में जनता ही सर्वोपरि है और सत्ता के नशे में जनता की आवाज दबाने वाली भाजपा को आगामी चुनाव में इसका हिसाब देना होगा।

# गणेश उत्सव में मर्यादा व सनातन परंपरा बनाए रखने की अपील : सुनील सेन

राजनांदगांव (दावा)। आगामी श्री गणेश चतुर्थी महापर्व के दृष्टिगत भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के जिला मंत्री सुनील सेन ने समस्त सनातनी हिंदू समाज और गणेश उत्सव समितियों से इस पावन पर्व को धार्मिक आस्था, उच्च संस्कारों तथा सनातन मर्यादा के अनुरूप मनाने का विनम्र आह्वान किया है।



सुनील सेन ने कहा कि भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमाएं पूर्णतः पारंपरिक, सात्विक एवं शास्त्रसम्मत स्वरूप में ही स्थापित की जानी चाहिए। किसी भी प्रकार के गैर-पारंपरिक, हास्यास्पद अथवा आपत्तिजनक स्वरूप को कतई स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने समितियों से आग्रह किया कि सभी पंडालों में ध्वनि विस्तारक यंत्रों (स्पीकर व डीजे) पर केवल भगवान गणेश एवं अन्य देवी-देवताओं के पारंपरिक भजन, स्तुति, आरती तथा देशभक्ति के प्रेरणादायी गीत ही बजाए जाएं। धार्मिक आयोजन की गरिमा के प्रतिकूल अश्लील, फूहड़ और कर्कश फिल्मी गानों के प्रसारण पर पूरी तरह रोक रहनी चाहिए।

भाजयुमो जिला मंत्री ने समितियों से विशेष अपील करते हुए कहा कि धार्मिक मान्यताओं के अनुरूप भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन पितृ पक्ष (श्राद्ध पक्ष) प्रारंभ होने से पहले ही विधिवत पूर्ण कर लिया जाए, जिससे आगामी पितृ पक्ष की वैदिक व कुल परंपराओं का निर्बाध पालन सुनिश्चित हो सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी पंडाल में धार्मिक मर्यादाओं की अवहेलना करते हुए फूहड़ गीत बजाए जाते हैं अथवा शासन-प्रशासन एवं ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन किया जाता है, तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस एवं संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को देकर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी।

# सेवा संकल्प अभियान के जरिए जन-जन तक पहुंचाएं सेवा कार्य : दिनेश गांधी

डोंगरगढ़ (दावा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के सफल 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान को लेकर भाजपा मंडल लाल बहादुर नगर की महत्वपूर्ण बैठक वनांचल क्षेत्र बोरतलाव में संपन्न हुई। बैठक में अभियान के तहत आयोजित होने वाले विभिन्न सेवा, रचनात्मक एवं जनसरोकार से जुड़े कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। साथ ही कार्यकर्ताओं को अभियान के मूल उद्देश्यों से अवगत कराते हुए अधिक से अधिक जनसहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक के मुख्य वक्ता दिनेश गांधी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 25 वर्षों का सार्वजनिक जीवन सेवा, सुशासन, समर्पण और राष्ट्रहित की मिसाल है। उन्होंने आह्वान किया कि सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से भाजपा कार्यकर्ता सेवा भाव को धरातल पर उतारें और समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक शासकीय योजनाओं व सेवा कार्यों का लाभ पहुंचाएं।



पीएम मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर बोरतलाव में जुटी भाजपा मंडल की बैठक वनांचल क्षेत्र में सेवा कार्यों की बनी रूपरेखा, अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का लिया संकल्प

बैठक में जिला सहकारी बैंक उपाध्यक्ष भरत वर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे, जिला पंचायत सभापति अनिता मंडावी, नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र साहू, मंडल महामंत्री द्वय हेमलाल वर्मा व उपकार सिंह बघेल प्रमुख रूप से मंचासीन रहे। इस अवसर पर राजेंद्र तिवारी, देवेंद्र यादव, चंद्रप्रकाश देशमुख, घनश्याम यादव, पुष्पा सिन्हा, दिलीप नंदेश्वर, गोवर्धन बानवर, थनवार मंडावी, वर्षा गेड़ाम, रेवाराम सिन्हा, हनस पटेल, चोवाराम वर्मा, कैलाश उइके, सरिता मंडावी, देवेंद्र सुलाखे, ढालचंद मेश्राम, राकेश साहू, संदीप सिन्हा, शत्रुहन वर्मा, रामाधार ओझा, नरेंद्र ठाकुर सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं मंडल कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी कार्यकर्ताओं ने अभियान को पूरी निष्ठा से सफल बनाने का संकल्प लिया।

# कलेक्टर जनदर्शन में मिली शिकायत का त्वरित निराकरण : करेलापारा में लगा नया ट्रांसफार्मर, किसानों को मिली राहत



कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देश पर विद्युत विभाग ने की त्वरित कार्रवाई

राजनांदगांव (दावा)। जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों के त्वरित और प्रभावी निराकरण के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम करेलापारा (उपरवाह) के किसानों द्वारा खराब ट्रांसफार्मर की समस्या से अवगत कराते हुए कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन प्रस्तुत किया गया था।

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विद्युत विभाग के अधिकारियों को प्रकरण का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देश पर विद्युत विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए 16 केव्हीए क्षमता का नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया गया। जनदर्शन में आवेदन दिए जाने के बाद शीघ्र ही ट्रांसफार्मर लग जाने से किसानों को सिंचाई के लिए विद्युत सुविधा पुनरू उपलब्ध हो गई है। ग्राम करेलापारा के किसान राजेश लहरे एवं अन्य किसानों ने बताया कि ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण खेतों में सिंचाई की समस्या उत्पन्न हो रही थी। नए ट्रांसफर्मर के लगने से ग्राम के किसानों को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है। किसानों ने कहा कि जनदर्शन में समस्या रखने के बाद तत्परता से कार्रवाई की गई। इससे किसानों को समय पर सिंचाई सुविधा मिल सकी है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की त्वरित पहल से खेती-किसानी के कार्य में सुविधा हुई है।

# राजनांदगांव में एकमात्र शल्य पशु चिकित्सक के तबादले से आक्रोश, पशुपालकों व छात्रों ने विस अध्यक्ष से की गुहार

## डॉ. तरुण रामटेके के तबादले के बाद पशुओं की सर्जरी ठप होने की आशंका कामधेनु विश्वविद्यालय के छात्रों की प्रैक्टिकल पढ़ाई और इंटर्नशिप भी होगी प्रभावित



राजनांदगांव (दावा)। जिला पशु चिकित्सालय में पदस्थ शल्य पशु चिकित्सक डॉ. तरुण रामटेके के तबादले को लेकर पशुपालकों, डॉग लवर्स और गौसेवकों में नाराजगी है। डॉ. रामटेके का तबादला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में किया गया है। पशुपालकों का कहना है कि उनके जाने से जिला पशु चिकित्सालय में जटिल सर्जरी की सुविधा प्रभावित हो सकती है। इसे लेकर पशुपालकों और कामधेनु विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से तबादले पर पुनर्विचार की मांग की है।

### जटिल ऑपरेशन के लिए बाहर जाने की आशंका

पशुपालकों के अनुसार डॉ. रामटेके के तबादले के बाद पशुओं की सर्जरी के लिए दुर्ग या रायपुर जाना पड़ सकता है। इससे पशुपालकों पर अतिरिक्त समय और आर्थिक बोझ पड़ेगा। उनका कहना है कि जिला पशु चिकित्सालय में वर्तमान में जटिल सर्जरी के लिए डॉ. रामटेके की सेवाएं महत्वपूर्ण रही हैं।

### दो साल में विकसित हुआ रेफरल सेंटर

पशुपालकों के अनुसार डॉ. रामटेके करीब दो वर्षों से जिला पशु चिकित्सालय में सेवाएं दे रहे हैं। इस दौरान उन्होंने दुर्घटनाग्रस्त गौवंश, भैंस सहित अन्य पशुओं का उपचार और सर्जरी की है। मोहरा स्थित गौ आरोग्यम केंद्र में भी घायल गौवंश के उपचार में उनकी भूमिका रही है। पशुपालकों का दावा है कि उनके कार्यकाल में जिला पशु चिकित्सालय में जटिल मामलों के उपचार की सुविधा बेहतर हुई और इसे रेफरल सेंटर के रूप में पहचान मिली।

### स्ट्रीट डॉग की सर्जरी में भी सेवाएं

पशुपालकों के मुताबिक डॉ. रामटेके ने बड़ी संख्या में जरूरतमंद पशुओं की सर्जरी की है। इनमें स्ट्रीट डॉग के ट्यूमर, स्पेइंग और न्यूटरिंग जैसी सर्जरी भी शामिल हैं। डॉग लवर्स और गौसेवकों का कहना है कि ऐसे विशेषज्ञ चिकित्सक के तबादले से जिले में पशु चिकित्सा सेवाओं पर असर पड़ सकता है।

### विद्यार्थियों की प्रैक्टिकल पढ़ाई की चिंता

छत्तीसगढ़ कामधेनु विश्वविद्यालय के बीवीएससी विद्यार्थियों ने भी तबादले को लेकर चिंता जताई है। विद्यार्थियों के अनुसार वे डॉ. रामटेके के मार्गदर्शन में छोटे-बड़े पशुओं की सर्जरी की प्रायोगिक जानकारी हासिल कर रहे हैं। पशुपालकों का कहना है कि तबादले से विद्यार्थियों की इंटर्नशिप और प्रैक्टिकल प्रशिक्षण भी प्रभावित हो सकता है। पशुपालकों और विद्यार्थियों ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मामले में हस्तक्षेप कर तबादले पर पुनर्विचार कराने की मांग की है।

# प्रांतीय शतरंज व योगासन स्पर्धा का समापन, क्षेत्रीय प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

डोंगरगढ़ (दावा)। स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ में प्रांतीय शतरंज एवं योगासन प्रतियोगिता का गरिमामयी समापन तथा क्षेत्रीय शतरंज व योगासन प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर विजेता प्रतिभागियों को गोल्ड व सिल्वर मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रांतीय स्पर्धा के परिणामों में रिदमिक योग एवं ट्रेडिशनल पेयर योग में पराग वर्मा और प्रणव वर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) अपने नाम किया। वहीं शतरंज स्पर्धा में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए गुरुदत्त और निशांत जैन ने क्षेत्रीय प्रतियोगिता के लिए अपना चयन सुनिश्चित किया।



पराग वर्मा और प्रणव वर्मा ने योगासन में जीता गोल्ड, गुरुदत्त व निशांत जैन का क्षेत्रीय शतरंज के लिए चयन सरस्वती शिशु मंदिर डोंगरगढ़ में जुटे 4 प्रांतों के 250 प्रतिभागी, खेल भावना की दिलाई गई शपथ

### 4 प्रांतों के खिलाड़ी दिखाएंगे दम

क्षेत्रीय प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर मालवा, मध्य भारत, महाकौशल और छत्तीसगढ़ प्रांत से आए 250 से अधिक प्रतिभागी भैया-बहन, संरक्षक आचार्य एवं निर्णायक शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रायपुर से पधारे प्रांत प्रमुख दीपक सोनी, संभाग समन्वयक दीपक यादव, सरस्वती शिक्षा समिति डोंगरगढ़ के सचिव अविनाश ब्राह्मणकर, पूर्व अध्यक्ष सुनील जैन, प्राचार्य प्रकाश यादव एवं प्रधानाचार्य जागेश्वर निषाद मंचासीन रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर स्पर्धा का विधिवत शुभारंभ किया। सचिव अविनाश ब्राह्मणकर ने खिलाड़ियों को खेल भावना की शपथ दिलाई, वहीं सुनील जैन ने जीवन में खेलों के अनुशासन और महत्व पर प्रकाश डाला। प्रांत प्रमुख दीपक सोनी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि बुद्धि, मन और शारीरिक संतुलन का समन्वय ही खेल है। जिसे सदैव धैर्यपूर्वक खेलना चाहिए। उद्घाटन सत्र में योग प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों को रिदमिक और पारंपरिक योग के अंतर व महत्व से अवगत कराया।

# स्काई लिफ्ट मशीन खरीदी मामले में शिकायत, जांच पूरी होने तक भुगतान रोकने की मांग

खैरागढ़ (दावा)। नगर पालिका परिषद खैरागढ़ में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन मद के तहत 1 करोड़ 31 लाख रुपये की लागत से की गई स्काई लिफ्ट मशीनों की खरीदी का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। खरीदी प्रक्रिया और मशीनों के गुणवत्ता मानकों को लेकर गंभीर आपत्तियां दर्ज कराई गई हैं। इस संबंध में विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने अपर कलेक्टर सुरेंद्र ठाकुर से मुलाकात कर औपचारिक शिकायत दर्ज कराई तथा जांच प्रक्रिया पूर्ण होने तक संबंधित फर्म को किए जाने वाले भुगतान पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।



ठोस अपशिष्ट प्रबंधन मद से 1.31 करोड़ में खरीदी गई हैं 3 मशीनें, गुणवत्ता व प्रक्रिया पर उठे सवाल विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने अपर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, निष्पक्ष जांच की मांग

अपर कलेक्टर को सौंपे गए शिकायत पत्र में उल्लेख किया गया है कि नगर पालिका द्वारा तीन स्काई लिफ्ट मशीनों का क्रय किया गया है, जिसकी तकनीकी व प्रक्रियात्मक जांच के लिए जांच समिति गठित की जा चुकी है। जनप्रतिनिधियों ने मांग रखी कि जब तक समिति की जांच रिपोर्ट सामने नहीं आ जाती, तब तक किसी भी प्रकार का भुगतान न किया जाए। क्योंकि विस्तृत जांच के बाद ही खरीदी की वास्तविक स्थिति और तकनीकी तथ्य स्पष्ट हो सकेंगे। विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने प्रशासन से आग्रह किया कि जनहित और शासकीय राशि के सदुपयोग को ध्यान में रखते हुए भुगतान रोकने के स्पष्ट आदेश जारी किए जाएं और निष्पक्ष जांच के उपरांत ही नियमानुसार आगामी कदम उठाए जाएं। ज्ञापन सौंपने के दौरान शहर अध्यक्ष अरुण भारद्वाज, नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन, शेखर दास, रतन सिंगी सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना : ग्राम सचिव दीपक वैष्णव सम्मानित



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए ग्राम पंचायत भर्रेगांव के सचिव दीपक वैष्णव को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। दीपक वैष्णव ने बताया कि योजना के प्रति ग्रामीणों में जागरूकता लाने के लिए लगातार घर-घर संपर्क कर ग्रामीणों को सोलर संयंत्र स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। योजना का लाभ अधिक से अधिक ग्रामीणों तक पहुंचाने के उद्देश्य से उन्होंने रोजगार सहायक एवं ग्रामीणों के सहयोग से डोर-टू-डोर संपर्क अभियान चलाया। वे सप्ताह में दो से तीन दिन सुबह और शाम ग्रामीणों के घर जाकर योजना की जानकारी दी।

# वी क्लब डोंगरगढ़ मां बम्लेश्वरी ने किया शिक्षक सम्मान समारोह का भव्य आयोजन

डोंगरगढ़ (दावा)। शिक्षक केवल ज्ञान का प्रकाश ही नहीं फैलाते, बल्कि अपने संस्कारों, समर्पण और मार्गदर्शन से समाज की भावी पीढ़ी की मजबूत नींव रखते हैं। इसी पावन भाव के साथ वी क्लब डोंगरगढ़ मां बम्लेश्वरी द्वारा स्थानीय स्तर पर शिक्षक सम्मान समारोह का गरिमामयी आयोजन किया गया।

समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में दीर्घकालिक व उल्लेखनीय सेवाएं देने वाली सेवानिवृत्त शिक्षिकाओं एवं सक्रिय शिक्षादूतों का सम्मान कर उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई। समारोह में शासकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ की सेवानिवृत्त प्रभारी प्राचार्य श्रीमती ई.व्ही. रेवती, प्राचार्य श्रीमती कालिंदी तिवारी, प्राचार्य श्रीमती राजकुमारी जैन, व्याख्याता श्रीमती आशा तिवारी एवं प्रधान पाठक सुश्री सुफिया बक्शी को शाल, श्रीफल व स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार व उल्लेखनीय कार्य करने वाली शिक्षादूत शिक्षिका प्रीतिबाला लाटिया एवं योगेश्वरी कुम्भकार का भी विशेष सम्मान हुआ।




संस्कार व मार्गदर्शन से नई पीढ़ी का निर्माण करते हैं शिक्षक : वक्ताओं ने रेखांकित किया योगदान

समारोह का सबसे भावुक व प्रेरणादायी क्षण वह रहा जब सम्मानित शिक्षिकाओं ने अपने अध्यापन जीवन के खट्टे-मीठे संस्मरण, संघर्ष और विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि किस प्रकार समर्पण और आत्मीयता से विद्यार्थियों के जीवन को सही दिशा दी जा सकती है। उनके प्रेरक अनुभवों ने सभागार में उपस्थित सभी सदस्यों को गहराई से प्रभावित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वी. भावना सिंह, वी. उषा किरण शाह एवं वी. माधुरी पंडा ने शिक्षकों के त्याग, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को रेखांकित किया। मंच का संचालन वी. मीनाक्षी हेमने ने प्रभावशाली ढंग से किया। समारोह के अंत में क्लब सचिव वी. नम्रता दम्माणी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षकों के प्रति आदर और कृतज्ञता का भाव समाज की पहचान है।

# आशीर्वाद के पांच लाख दियों के साथ होगा सेवा संकल्प का आगाज

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के मौके पर जिला भाजपा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक 'सेवा संकल्प अभियान' चलाएगी। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ता जिले के डेढ़ हजार से अधिक बूथों तक पहुंचेंगे और लाभार्थी परिवारों से संपर्क करेंगे। अभियान में सेवा, स्वच्छता, जनसंपर्क और सरकारी योजनाओं की जानकारी देने से जुड़े 12 कार्यक्रम होंगे। भाजपा प्रदेश महामंत्री नवीन मार्कण्डेय और अभियान के संयोजक मधुसूदन यादव तथा जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने शनिवार को भाजपा जिला कार्यालय में पत्रकारवार्ता में अभियान की जानकारी दी।

प्रदेश महामंत्री ने प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि राजनांदगांव जिले में सेवा संकल्प अभियान की शुरुआत पांच लाख दीपों के प्रज्ज्वलन के साथ होगी। सेवा संकल्प के अंतर्गत 'आशीर्वाद का दिया' अभियान की शुरुआत 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर होगी। इसी दिन शाम 7 बजे जिले के 1077 से अधिक बूथों पर लाभार्थी परिवारों के घर 'आशीर्वाद का दीया' जलाया जाएगा।

प्रत्येक बूथ पर 100 दीये, ब्लॉक स्तर पर 77 हजार दीये और जिला मुख्यालय में एक लाख दिये मिलाकर इस तरह लगभग पांच लाख दिये जलाने का लक्ष्य रखा गया है। बताया गया कि अभियान में भारतीय जनता पार्टी का खास फोकस उन लोगों तक पहुंचने पर रहेगा। जिन्हें केंद्र या राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ मिला है। पार्टी कार्यकर्ता इन परिवारों से संपर्क कर योजनाओं से मिले लाभ की जानकारी लेंगे और उनकी समस्याओं को भी जानेंगे। सरकार की योजनाओं से अब तक नहीं जुड़ पाए पात्र लोगों को भी 'सेवा सेतु शिविर' के जरिए योजनाओं से जोड़ने की तैयारी है।



पीएम मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से एक माह तक चलेगा अभियान

### आंगनबाड़ियों में होगा आंगन मिलन

अभियान के अंतर्गत प्रदेश सहित जिले भर की आंगनबाड़ियों में तीन दिन तक 'आंगन मिलन' कार्यक्रम चलेगा। इसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं का सम्मान किया जाएगा। बच्चों और माताओं के साथ पोषण, स्वास्थ्य और महिला संबंधी योजनाओं की जानकारी साझा की जाएगी। 25 सितंबर से 7 अक्टूबर के बीच आंगनबाड़ी केंद्रों पर 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम होंगे। यहां महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य व पोषण से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और आशा कार्यकर्ताओं का सम्मान भी किया जाएगा। इसी तरह शक्ति केंद्रों पर 'सेवा की कहानी' कार्यक्रम के तहत सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों की वास्तविक कहानियां सोशल मीडिया पर साझा की जाएंगी। प्रत्येक शक्ति केंद्र से कम से कम 10 ऐसी रील्स साझा करने की योजना है। इसके अलावा 'सेवा मेरा योगदान' कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ता और आम लोग 25 तरह की सेवा गतिविधियों में कम से कम 25 मिनट श्रमदान करेंगे। वहीं रंगोली प्रतियोगिता और नुक्कड़ नाटकों के जरिए भी योजनाओं और सेवा गतिविधियों को लोगों तक पहुंचाया जाएगा।

### 29 को संस्कारधानी पहुंचेगी सेवा ज्योति कलश यात्रा

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा ज्योति कलश यात्रा निकाली जा रही है। यह यात्रा प्रधानमंत्री मोदी की जन्म स्थली गुजरात के वडनगर से शुरु हो कर उनके कर्म स्थली काशी पहुंचेगी। इस दौरान कलश में वडनगर की नदी के जल से काशी विश्वनाथ का अभिषेक होगा। इसके बाद यह यात्रा पुनः काशी से शुरू होगी और वडनगर में पूर्ण होगी। इस दौरान गंगाजल से प्रधानमंत्री के गांव में स्थित हटकेश्वर महादेव के मंदिर में जल अर्पित किया जाएगा। इस यात्रा का छत्तीसगढ़ में प्रवेश राजनांदगांव से 29 सितंबर को होगा। उस दौरान यात्रा का संस्कारधानी में भव्य स्वागत किया जाएगा। प्रदेश महामंत्री ने कहा कि यह यात्रा प्रधानमंत्री की राजनीतिक और जन सेवा यात्रा को जोड़ने का भी प्रतीक होगी। पत्रकार वार्ता में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त मार्कफेड अध्यक्ष शशिकांत द्विवेदी, दिनेश गांधी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती किरण वैष्णव, रमेश पटेल, राज्य श्रम कल्याण मंडल अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा, जिला भाजपा महामंत्री सौरभ कोठारी, मीडिया प्रभारी अमर ललवानी एवं नगर निगम सभापति राजा माखीजा सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सिंगदई के मूर्तिकारों के लिए बनेगा सामूहिक मूर्ति निर्माण भवन : अभिषेक सिंह

### विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से चर्चा के बाद मिली सौगात, मूर्तिकारों को एक ही छत के नीचे मिलेंगी सुविधाएं



राजनांदगांव (दावा)। आगामी तीजा एवं गणेश पर्व की तैयारियों के बीच पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने सिंगदई पहुंचकर पारंपरिक रूप से प्रतिमा निर्माण में जुटे स्थानीय मूर्तिकारों से आत्मीय मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने शिल्पकारों से सीधे संवाद कर उनकी कार्यप्रणाली, समस्याओं, आवश्यकताओं तथा पारंपरिक मूर्तिकला के संरक्षण में आ रही व्यावहारिक चुनौतियों की जानकारी ली। मुलाकात के दौरान सिंगदई के मूर्तिकारों ने पूर्व सांसद को मिट्टी से निर्मित बाल गणेश की नयनाभिराम प्रतिमा भेंट की। शिल्पकारों की असाधारण कला की प्रशंसा करते हुए अभिषेक सिंह ने कहा कि मिट्टी से देवी-देवताओं की प्रतिमाओं को जीवंत रूप देना हमारी समृद्ध लोक परंपरा, आस्था और सांस्कृतिक धरोहर का अभिन्न अंग है। इस पारंपरिक कला को संरक्षित करने के साथ-साथ इसका नई पीढ़ी तक हस्तांतरण बेहद जरूरी है।

### डॉ. रमन सिंह ने दी सामूहिक भवन निर्माण की सहमति

मूर्तिकारों की कार्यस्थल संबंधी मांग और प्राथमिक जरूरतों को देखते हुए पूर्व सांसद ने स्थानीय विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से इस विषय पर विस्तृत चर्चा की। डॉ. रमन सिंह ने मामले की गंभीरता को समझते हुए आश्वस्त किया कि सिंगदई के मूर्तिकारों के लिए जल्द ही एक सर्वसुविधायुक्त सामूहिक मूर्ति निर्माण भवन का निर्माण कराया जाएगा।

### एक छत के नीचे निर्माण व प्रशिक्षण की व्यवस्था

सामूहिक मूर्ति निर्माण भवन बन जाने से सभी मूर्तिकारों को एक ही स्थान पर प्रतिमा निर्माण के लिए पर्याप्त जगह और व्यवस्थित बुनियादी सुविधाएं मिल सकेंगी। इसके अलावा भवन परिसर में नई पीढ़ी को पारंपरिक माटी कला और मूर्तिकला की बारीकियां सिखाने के लिए नियमित प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित करने की कार्ययोजना भी बनाई जाएगी। अभिषेक सिंह ने कहा कि पारंपरिक विरासत को सहेजना केवल सांस्कृतिक दायित्व नहीं, बल्कि इससे जुड़े शिल्पकारों के सम्मान, आजीविका और आत्मनिर्भरता को सुदृढ़ करने का माध्यम भी है। सामूहिक भवन और प्रशिक्षण कार्यशाला की पहल से मूर्तिकारों के श्रम को उचित पहचान मिलेगी। सिंगदई के मूर्तिकारों ने समस्याओं का त्वरित संज्ञान लेने और सामूहिक भवन निर्माण की पहल के लिए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं पूर्व सांसद अभिषेक सिंह के प्रति आभार प्रकट किया।

# खेत के बोरघर में अवैध शराब पैकिंग व लेबलिंग का बड़ा फर्जीवाड़ा उजागर, दो आरोपी गिरफ्तार

डोंगरगढ़ (दावा)। जिले में अवैध शराब के कारोबार के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत डोंगरगढ़ पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। ग्राम मोहारा में एक खेत के बोरघर में डंप कर रखी गई 89.46 बल्क लीटर अवैध अंग्रेजी शराब के साथ भारी मात्रा में शराब की फर्जी पैकिंग व लेबलिंग सामग्री बरामद की गई है। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

### मुखबिर की सूचना पर बोरघर में दबिश

11 सितंबर को मोहारा पुलिस चौकी को सूचना मिली थी कि मोहारा में शराब भट्ठी रोड स्थित दउवा वर्मा के खेत में बने बोरघर में बिक्री के उद्देश्य से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब छिपाई गई है। सूचना पर मोहारा चौकी प्रभारी शंकर गिरी गोस्वामी एवं साइबर सेल प्रभारी विनय पम्मार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गवाहों के साथ मौके पर दबिश दी। बोरघर की तलाशी लेने पर वहां से उत्तराखंड व छत्तीसगढ़ निर्मित शराब की पेटियों के साथ बड़े पैमाने पर री-पैकिंग का अवैध सामान मिला।



उत्तराखंड व छत्तीसगढ़ निर्मित अंग्रेजी शराब के 497 पौवा ( 89.46 बल्क लीटर ) बरामद

### नकली पैकिंग की सामग्री और शराब बरामद

तलाशी के दौरान बोरघर से उत्तराखंड निर्मित 'रॉयल गोवा स्पिरिट' के 429 पौवा (77.22 बल्क लीटर) और छत्तीसगढ़ निर्मित 'जम्मू स्पेशल व्हिस्की' के 68 पौवा (12.24 बल्क लीटर) बरामद किए गए। कुल 497 पौवा शराब की अनुमानित कीमत करीब 47,462 रुपये आंकी गई है। इसके साथ ही मौके से 'जम्मू स्पेशल व्हिस्की' के 2820 स्टीकर, 2541 लेबल पर्चियां, 303 खाली प्लास्टिक शीशियां, 330 लाल रंग के प्लास्टिक ढक्कन, 268 धातु के ढक्कन और कटिंग के लिए प्रयुक्त 1 कैंची बरामद हुई। इससे आशंका जताई जा रही है कि यहां अन्य राज्यों की शराब को स्थानीय ब्रांड के रूप में री-पैक कर खपाने का खेल चल रहा था।


### मामा-भांजे का नेटवर्क, दो गिरफ्तार व एक फरार

वैध दस्तावेज पेश न करने पर मौके से बोरघर मालिक दउवा वर्मा (60 वर्ष) को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि यह शराब उसके भांजे नंदकिशोर वर्मा उर्फ छोटे कट्टी द्वारा मंगाई गई थी तथा दूसरे भांजे महेंद्र वर्मा उर्फ बड़े कट्टी द्वारा बोरघर में डंप कराई गई थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दउवा वर्मा और नंदकिशोर वर्मा (25 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि फरार आरोपी महेंद्र वर्मा (28 वर्ष) की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। तीनों आरोपी ग्राम मोहारा के निवासी हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 36 एवं 59 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बरामद शराब के नमूने जांच हेतु सील कर लैब भेजे गए हैं।

# कल शाम तुलसीपुर पानी टंकी से पेयजल आपूर्ति बाधित

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम द्वारा बारिश में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने सभी पानी टंकियो कि सफाई हर 6 माह में कराने के तहत न्यू सिविल लाईन टंकी से सफाई कार्य प्रारंभ किया गया। टंकी सफाई की कडी में तुलसीपुर टंकी (ठा. प्यारेलाल स्कूल क्षमता 11.50 लाख लीटर) की सफाई कार्य किया जाना है। जिसके कारण तुलसीपुर उच्च स्तरीय जलागार नहीं भर पायेगा। इस वजह से उक्त टंकी से दिनांक 14 सितंबर को शाम के समय पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी। 15 सितम्बर को सुबह से पानी सप्लाई यथावत रहेगी। तुलसीपुर टंकी की पूर्व में 24 जनवरी को सफाई कराई गई थी।

पानी टंकी सफाई के संबंध में नगर निगम आयुक्त जी.आर.मरकाम ने बताया कि महापौर मधुसूदन यादव के निर्देश पर निगम सीमाक्षेत्र के पानी टंकियो की सफाई कराई जा रही है, ताकि नागरिको को बारिश में शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके। इसी कडी में 14 सितंबर को तुलसीपुर टंकी (ठा. प्यारेलाल स्कूल क्षमता 11.50 लाख लीटर) की सफाई की जानी है। टंकी सफाई करने के कारण तुलसीपुर टंकी सप्लाई क्षेत्र ममता नगर, शक्तिनगर, वर्धमान कालोनी, चंद्रा कालोनी, पूनम कालोनी, लालबाग क्षेत्र में 14 सितम्बर सोमवार की शाम को पेयजल सप्लाई बाधित रहेगी। 15 सितम्बर मंगलवार को सुबह समय में पेयजल सप्लाई यथावत होगी। उन्होंने नागरिकों से असुविधा के लिये खेद व्यक्त करते हुए सहयोग करने की अपील की है।



# छत्तीसगढ़ हॉकी की वार्षिक आमसभा आज, नई कार्यकारिणी के चुनाव परिणाम होंगे घोषित

○ होटल अवाना लालबाग में दोपहर 12 बजे से जुटेगी आमसभा, आगामी एजेंडे पर होगा मंथन

○ कार्यकाल 2026-30 के लिए 11 पदों पर निर्विरोध निर्वाचित पदाधिकारियों के नामों का होगा औपचारिक ऐलान

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ हॉकी की बहुप्रतीक्षित वार्षिक आमसभा (एजीएम) का आयोजन आज, 13 सितंबर (रविवार) को दोपहर 12 बजे से शहर के होटल अवाना, लालबाग में किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण बैठक में संघ के संगठनात्मक कामकाज, आगामी खेल रणनीतियों और खेल कैलेंडर से संबंधित विभिन्न कार्यसूचियों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया जाएगा। वार्षिक आमसभा के दौरान छत्तीसगढ़ हॉकी के आगामी चार वर्षीय कार्यकाल (2026-30) के लिए गठित होने वाली नई कार्यकारिणी के चुनाव परिणामों की भी औपचारिक घोषणा की जाएगी।

निर्वाचन प्रक्रिया के तहत संघ के विभिन्न 11 पदों पर पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों का निर्वाचन निर्विरोध संपन्न हुआ है। आमसभा के मंच से इन सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के नामों की आधिकारिक घोषणा की जाएगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में हॉकी इंडिया के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग (छत्तीसगढ़ शासन), छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ तथा हॉकी इंडिया के अधिकृत पर्यवेक्षक विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा छत्तीसगढ़ हॉकी के वर्तमान पदाधिकारी, प्रदेशभर की सभी जिला इकाइयों के प्रतिनिधि एवं हॉकी से जुड़े गणमान्य सदस्य शामिल होंगे। नई कार्यकारिणी के गठन के साथ ही प्रदेश में हॉकी खेल के विकास, अधोसंरचना विस्तार और युवा खिलाड़ियों के प्रशिक्षण को लेकर नई रूपरेखा तय किए जाने की संभावना है।


**आवश्यकता है**

दैनिक दावा में अर्टिगा कार चलाने हेतु कुशल ड्रायवर की आवश्यकता है। वेतन चार अंकों में।

-: संपर्क :-
दैनिक दावा
बल्देव बाग, राजनांदगांव
संपर्क - 9300414726


# चिखली क्षेत्र की समस्याओं को लेकर महापौर के घर पहुचे वार्डवासी, दिया तीन दिन का अल्टीमेटम

**0 महापौर मधुसूदन यादव ने निगम अफसरों को तलब कर दिए त्वरित निराकरण के निर्देश, आंदोलन स्थगित**

**0 सड़क, नाली, बंद स्ट्रीट लाइट और आवारा मवेशियों से त्रस्त नागरिकों ने बयां किया दर्द**

**0 अंडरब्रिज का रुका काम और गंदगी बनी मुसीबत; समाधान न होने पर धरना-प्रदर्शन की चेतावनी**



राजनांदगांव (दावा)। शहर के चिखली क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नं. 4, 5 एवं 6 के रहवासियों ने अपने वार्ड में व्याप्त विभिन्न समस्याओं की शिकायत करते हुए आज महापौर के घर पहुंचकर उनसे मुलाकात की। वार्ड के रहवासी सुबह-सुबह एकजुट होकर महापौर मधुसूदन यादव के मोतीपुर स्थित निज निवास पहुंचे और अपनी पीड़ा उनके सामने रखी। वार्डवासियों के इस प्रतिनिधिमंडल में शेखर ठाकुर, ललित नायडू, उमाशंकर साहू, अभिषेक दुबे, निन्नावे की अनुगवाई में वार्डवासियों ने महापौर के हाथों में अपना आवेदन सौंपते हुए वार्ड की समस्याएं बताई। उन्होंने महापौर को बताया कि वार्ड की कई मुख्य सड़कों का निर्माण सालों से अधूरा पड़ा है। इन सड़कों पर जगह-जगह बड़े-बड़े गढ्ढे बन गए हैं। जो सड़क हादसों का कारण बन रहे हैं। निर्माणाधीन अंडरब्रिज का काम पहले धीमी गति से चल रहा था। जो अब बंद हो गया है। जिससे आवागमन बाधित रहता है। वार्डवासियों ने बताया कि नाली, बिजली और मवेशी भी उनकी मुसीबत का कारण बने हुए हैं। लोगों ने बताया कि महीनों से नालियों की सफाई नहीं हुई है, जिससे गंदगी, दुर्गन्ध और मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। शाम के समय प्रायः स्ट्रीट लाइटें बंद रहती हैं। पूरा वार्ड अंधेरे में डूब जाता है। जिससे असमाजिक तत्वों एवं चोरों का डर बना रहता है। वहीं सड़कों पर लावारिस घूम रहे गौवंश के कारण रोजाना दुर्घटनाएं हो रही हैं। प्रतिनिधिमंडल ने महापौर को अवगत कराया कि तीन दिन के भीतर उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वार्डवासी शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन और धरना-प्रदर्शन करके शासन-प्रशासन का ध्यानाकृष्ट करने को विवश होंगे। मामले की गंभीरता को समझते हुए महापौर मधुसूदन यादव ने तत्काल आयुक्त नगर निगम सहित प्रशासनिक अमले को अपने घर पर बुलवाकर, वार्डवासियों की मौजूदगी में निगम के अधिकारियों से विचार विमर्श के उपरान्त, समस्याओं के त्वरित निदान हेतु स्थल निरीक्षण एवं यथोचित आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये। महापौर ने वार्डवासियों को भी समस्या निवारण का आश्वासन दिया और फिलहाल आंदोलन स्थगित करके शासन प्रशासन को सहयोग प्रदान करने की समझाइश दी। महापौर के त्वरित कार्यवाही से संतुष्ट होकर वार्डवासियों ने प्रस्तावित आंदोलन को स्थगित रखने की बात पर सहमति व्यक्त की है।

# कलेक्टर के निर्देश पर सड़कों के मरम्मत कार्य में तेजी, गड्ढों और क्षतिग्रस्त हिस्सों का पैचवर्क जारी

राजनांदगांव (दावा)। जिले में सड़कों की स्थिति को सुदृढ़ करने तथा नागरिकों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर जितेंद्र यादव के निर्देश पर सड़कों के मरम्मत एवं पैचवर्क कार्य में तेजी लाई गई है। जिला प्रशासन द्वारा प्रमुख मार्गों के साथ-साथ ग्रामीण अंचल की सड़कों का सतत निरीक्षण कराया जा रहा है, ताकि क्षतिग्रस्त हिस्सों को चिह्नित कर प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त किया जा सके। इसी कड़ी में लोक निर्माण विभाग एवं संबंधित निर्माण एजेंसियों द्वारा नेशनल हाईवे मार्ग सुंदरा से ग्राम सुंदरा बस्ती तक, ग्राम सोमनी से परमालकसा-ठेकवा मार्ग तथा ग्राम देवादा से ग्राम टेड़ेसरा तक सड़कों के गड्ढों और जर्जर हिस्सों का युद्धस्तर पर पैचवर्क व मरम्मत कार्य कराया गया है। इन महत्वपूर्ण मार्गों के दुरुस्त होने से राहगीरों और वाहन चालकों को हिचकोलेदार सफर से मुक्ति मिली है और दुर्घटनाओं की आशंका में कमी आई है।



○ सुंदरा, सोमनी-परमालकसा-ठेकवा और देवादा-टेड़ेसरा मार्ग पर हुआ सुधार कार्य

○ गुणवत्ता और समय-सीमा का कड़ाई से पालन करने के निर्देश, आवागमन हुआ सुगम व सुरक्षित

### नियमित मॉनिटरिंग और गुणवत्ता पर विशेष जोर

कलेक्टर जितेंद्र यादव ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं कि जिलेभर की सड़कों का नियमित अंतराल पर स्थलीय निरीक्षण किया जाए। जहां कहीं भी सड़कें जर्जर या गड्ढों से युक्त पाई जाएं, वहां बिना किसी विलंब के तत्काल पैचवर्क कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मरम्मत कार्यों में निर्माण सामग्री की गुणवत्ता से कोई समझौता न हो और सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं। ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने वाले ये मार्ग किसानों, छात्र-छात्राओं और दैनिक यात्रियों के लिए आवागमन की प्रमुख जीवनरेखा हैं। फसल परिवहन, स्कूल-कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों और आम नागरिकों के लिए सड़कों का दुरुस्त होना अत्यंत आवश्यक था। जिला प्रशासन ने दोहराया है कि जिले में बेहतर यातायात और सुगम सड़क तंत्र स्थापित करने के लिए यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com